चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 275, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 05 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# दिल्ली: हवा 25-30 सिगरेट के धुएं जितनी जहरीली

## एयर क्वालिटी इंडेक्श 500 पार, दिल्ली सरकार ने केंद्र से इमरजेंसी मीटिंग बुलाने की मांग की

**नई दिल्ली**

**दिल्ली-एनसीआर** की हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। शनिवार 4 नवंबर को भी हवा का स्तर 'गंभीर' कैटेगरी में बना हुआ है। शनिवार सुबह दिल्ली में ओवरऑल एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 504 रहा। वहीं, इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट में 571, धीरपुर में 542, नोएडा में 576 और गुरुग्राम में 512 अदक दर्ज किया गया। एयर क्वालिटी को लेकर गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल के डॉ. अरविंद कुमार ने कहा कि 400-500 एक्यूआई वाली हवा 25-30 सिगरेट के धुएं के बराबर है। इसका असर सभी ऐज ग्रुप के लोगों पर पड़ता है। प्रेग्नेंट महिलाओं में जहरीली हवा पेट में पल रहे बच्चे को भी नुकसान पहुंचाती है।

**दिल्ली सरकार ने केंद्र से 5 राज्यों के साथ इमरजेंसी मीटिंग की मांग की**

इधर, दिल्ली सरकार ने बढ़ते प्रदूषण को लेकर केंद्र से इमरजेंसी मीटिंग बुलाने की मांग की है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा- मैं केंद्र सरकार को लेटर लिख रहा हूं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को तुरंत पांच राज्यों (दिल्ली, यूपी, पंजाब, राजस्थान और हरियाणा) के पर्यावरण मंत्रियों के साथ मीटिंग करनी चाहिए। ठउफ में कमीशन ऑफ एयर क्वालिटी मैनेजमेंट के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। वहीं, बढ़ते प्रदूषण और खराब होती हवा को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने शुक्रवार को प्रभावित राज्यों के चीफ सेक्रेटरी से जवाब मांगा और तुरंत ही एक्शन लेने को कहा। साथ ही आदेश दिया कि जो कदम उठाएं, उसकी रिपोर्ट एनजीटी को दी जाए। दिल्ली के आसपास के राज्यों में पराली जलाने को भी प्रदूषण बढ़ने का एक मुख्य कारण माना जा रहा है।

हरियाणा, पंजाब समेत देश के उत्तरी हिस्सों में पराली जलाना अभी भी जारी है। इस साल अब तक 2500 से ज्यादा पराली जलाने के मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि, खेत में आग लगने की संख्या पिछले दो सालों की तुलना में कम है।



### सुबह की सैर-बाहरी व्यायाम से बचें

**मेदांता** के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनल मेडिसिन, रेस्पिरेटरी एंड स्लीप मेडिसिन के अध्यक्ष डॉ. रणदीप गुलेरिया ने बताया कि हवा की गुणवत्ता बहुत खराब और गंभीर श्रेणी में है। यह लोगों के सभी अंगों पर प्रतिकूल असर डालती है। सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, ओजोन और कण जैसे जहरीले धुएं फेफड़ों में प्रवेश करते हैं तो यह अन्य प्रणालियों को भी प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि जब एक्यूआई का स्तर बहुत ज्यादा हो तो बाहर जाने से बचने की कोशिश करनी चाहिए और यदि बाहर जाना जरूरी हो तो मास्क का उपयोग करें। सुबह की सैर और बाहरी व्यायाम से बचें। घर पर वायु शोधक यंत्रों का उपयोग करें।

### 'दिल्ली की इस हालत के लिए वन विभाग जिम्मेदार'



**इस** बीच दिल्ली की मौजूदा हालत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट ने वन विभाग को जिम्मेदार बताया है। हालांकि ये मामला पेड़ों की कटाई से जुड़ा है। दिल्ली हाईकोर्ट में पेड़ों की कटाई से जुड़ी याचिका की सुनवाई करते हुए जस्टिस जसमीत सिंह ने दिल्ली वन विभाग को फटकार लगाई। जस्टिस सिंह ने वन विभाग से पूछा कि क्या आप चाहते है कि दिल्ली के लोग गैस चेंबर में रहें? जस्टिस सिंह के मुताबिक, हम आपको सेंसिटिव बनाने की कोशिश कर रहे हैं और आप समझ नहीं रहे हैं। आपका ऐसे कन्नी काटना, अदालत के आदेशों की अवमानना है। दिल्ली के लोग आज जिस स्थिति में हैं, उसके लिए आप जिम्मेदार हैं।

दरअसल, अप्रैल 2022 में दिल्ली वन विभाग ने पेड़ों की कटाई के लिए आदेश जारी किया था। इसके खिलाफ एक्टिविस्ट भवरीन कंधारी ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस मामले की अगली सुनवाई 8 नवंबर को होगी। वहीं, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से सुप्रीम कोर्ट ने हवा में सुधार करने के उपाय मांगे हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 7 नवंबर को होगी।

### दिल्ली में ग्रैप-2 लागू, गैर-जरूरी निर्माण-तोड़फोड़ बंद



**हवा** की क्वालिटी खराब होने पर कमीशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट ने 3 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के थर्ड स्टेज को लागू कर दिया। ग्रैप का स्टेज 3 तब लागू किया जाता है, जब एक्यूआई 401-450 की सीमा में गंभीर हो जाता है। इसके चलते गैर-जरूरी निर्माण-तोड़फोड़ और रेस्टोरेंट में कोयले के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। इर-3 पेट्रोल और इर-4 डीजल चार पहिया वाहनों के इस्तेमाल पर सरकार ने 20 हजार रुपए चालान काटने का निर्देश दिया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने पांचवीं क्लास तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को शुक्रवार और शनिवार के लिए बंद करने का आदेश दिया। दिल्ली में प्रदूषण पर अपोलो हॉस्पिटल के डॉ. निखिल मोदी ने लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी है।

**वैज्ञानिक बोले- और खराब होगी दिल्ली की हवा**

वैज्ञानिकों ने बढ़ते पॉल्यूशन को लेकर चिंता जताई है। उनके मुताबिक आने वाले दिनों में दिल्ली की हवा और खराब हो सकती है। साथ ही वैज्ञानिकों ने बारिश का कम होना प्रदूषण के बढ़ने की बड़ी वजह बताई। इस साल अक्टूबर में सिर्फ एक दिन 5.4 मिमी बारिश हुई। जबकि अक्टूबर 2022 में 6 दिन 129 मिमी और अक्टूबर 2021 में 7 दिन 123 मिमी बारिश हुई थी।

## चाणक्य डिफेंस डायलॉग में बना भारत-प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों के लिए रोडमैप

**नई दिल्ली**

दक्षिण एशिया और भारत-प्रशांत क्षेत्र में उभरती चुनौतियों से मुकाबले के लिए रोडमैप तैयार करने के साथ ही शनिवार को चाणक्य डिफेंस डायलॉग का समापन हुआ। मानेकशॉ सेंटर में इकट्ठा हुए रक्षा विशेषज्ञों ने छह अलग-अलग सत्रों में वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने कहा कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था ने हमें रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान आर्थिक मंदी का सामना करने में मदद की। सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) के सहयोग से भारतीय सेना के दो दिवसीय कार्यक्रम चाणक्य डिफेंस डायलॉग में दक्षिण एशिया और इंडो-पैसिफिक में सुरक्षा चुनौतियों पर व्याख्यान हुए। छह अलग-अलग सत्र 'भारत और इंडो प्रशांत क्षेत्र की व्यापक सुरक्षा के लिए सहयोग' विषय पर केंद्रित थे। प्राचीन रणनीतिकार चाणक्य की दूरदर्शिता से प्रेरित इस संवाद में दक्षिण एशियाई और भारत-प्रशांत की सुरक्षा गतिशीलता, क्षेत्र में सहयोगात्मक सुरक्षा के लिए एक रोडमैप, उभरती प्रौद्योगिकियों के अनुकूलन पर विशेष जोर देने के साथ वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पहले दिन वैश्विक सुरक्षा और शांति के लिए समकालीन चुनौतियों का विश्लेषण करने के लिए इस विचार मंच की अवधारणा के लिए भारतीय सेना को बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चाणक्य रक्षा संवाद दक्षिण एशिया और भारत-प्रशांत में सुरक्षा जटिलताओं के गहन विश्लेषण के लिए एक उपयुक्त मंच बन जाएगा, जो अंततः क्षेत्र में सामूहिक सुरक्षा समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक राष्ट्र की ताकत सबसे प्रभावशाली रक्षा और निवारक है। उन्होंने कहा कि शक्ति से शांति स्थापित की जा सकती है। इसके अलावा उन्होंने सुरक्षा माहौल को बढ़ाने में अभिन्न घटकों के रूप में देश की सॉफ्ट पावर और आर्थिक ताकत का उपयोग करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

## बाधाओं से परे होंगे 2024 के चुनाव परिणाम: प्रधानमंत्री मोदी

### गरीबी को नारों से नहीं, नीति और नीयत से ही हराया जा सकता है : पीएम मोदी



**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को एचटी लीडरशिप समिट 2023 के 21वें संस्करण में समापन भाषण देते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम बाधाओं से परे होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में "रीशेपिंग इंडिया" से लेकर 2019 में "बेहतर कल के लिए बातचीत" और अब 2023 में "बाधाओं से परे" तक एचटी लीडरशिप समिट के विषयों के विकास पर भी बात की। वह इसे एक संदेश के रूप में व्याख्या करते हैं, जिसका जनता समर्थन करेगी। वह इसे उज्जवल भारत की नींव के रूप में देखते हैं। मोदी ने इसकी व्याख्या एक संदेश के रूप में की कि जनता सभी बाधाओं को तोड़कर राजनीतिक प्रतिनिधियों का समर्थन करेगी। वह इसे उज्जवल भारत की नींव के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा, 2014 में जब हमारी सरकार बनी थी और हमारा सेवा काल शुरू हुआ था उस समय एचटी ग्रुप शिखर सम्मेलन का विषय भारत को नया आकार देना था।

## कोर्ट डिसीजन देते वक्त रिएक्शन की नहीं सोचता: चीफ जस्टिस चंद्रचूड़



**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कोर्ट का फैसला खारिज नहीं किया जा सकता। विधायिका किसी फैसले में कमी को दूर करने के लिए नया नियम बना सकती है। एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम में शनिवार 4 नवंबर को उखक ने कोर्ट और कानून से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जज जब किसी मामले में फैसला देते हैं तो वो ये नहीं सोचते कि समाज और लोग कैसी प्रतिक्रिया देंगे। एक चुनी हुई सरकार और न्यायपालिका में यही अंतर होता है। चीफ जस्टिस ने ज्यूडिशियल सिस्टम में महिलाओं को समान मौके और प्रवेश के स्तर पर मूलभूत दिक्कतें होने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें योग्यता को फिर से परिभाषित करने की जरूरत है। यदि सभी को समान अवसर मिलेंगे तो और भी महिलाएं ज्यूडिशियरी में आएंगी। ज्यादातर टेस्ट अंग्रेजी और शहर केंद्रित होते हैं।

**अमेरिका और भारत के सुप्रीम कोर्ट में अंतर है- चीफ जस्टिस**

चंद्रचूड़ ने कहा कि विधायिका यह नहीं कह सकती कि हमें लगता है कि फैसला गलत है और इसलिए हम इसे खारिज करते हैं। किसी कोर्ट के फैसले को विधायिका द्वारा सीधे तौर पर खारिज नहीं किया जा सकता।

## गाजा की मस्जिदों पर इजराइली हमले: मलबे में दबे 2,200 लोग



**तेल अवीव**

**इजराइल**-हमास जंग का 29वां दिन है। यूएन का कहना है कि गाजा में कोई भी जगह सुरक्षित नहीं बची है। वहीं, अलजजीरा के मुताबिक, गाजा की हेल्थ मिनिस्ट्री का कहना है कि लगातार हो रही इजराइली बमबारी के कारण यहां 2,200 लोग मलबे में दबे हैं। इनमें 1,250 बच्चे हैं। सेना मस्जिदों पर भी हमला कर रही है। इस बीच तुर्किये ने अपने राजदूत को इजराइल से वापस बुला लिया है। वहीं, अल-अक्सा रेडियो के मुताबिक इजराइल ने हमास चीफ इस्माइल हानिए के घर पर हमला किया है। इस घर में उसका परिवार रहता था लेकिन हमले के वक्त वे वहां थे या नहीं इस बात की जानकारी फिलहाल नहीं मिल सकी है। इधर, सेना ने कहा है कि गाजा अब 2 हिस्सों में बंट गया है। साउथ गाजा में हम मानवीय सहायता पहुंचा रहे हैं। वहां अगर कोई हमास लड़ाका पहुंच रहा है तो उसे मार गिराया जा रहा है। वहीं नॉर्थ गाजा में जंग तेज हो चुकी है। वहां फिलिस्तीनियों की जान को खतरा है।

**जबालिया कैंप पर दागे गए थे 907 किलो के बम**

इजराइल ने 31 अक्टूबर को गाजा के सबसे बड़े रिफ्यूजी कैंप जबालिया पर 907 किलो के बम दागे थे। घटना से जुड़े फोटो और वीडियो को एनालाइज किया। इसमें 40 फीट चौड़े 2 गड्ढे दिखे। इस हमले में करीब 195 लोग मारे गए थे। वहीं, अमेरिकी सरकार ने इजराइल से जबालिया कैंप, वठ स्कूल, अस्पतालों पर किए गए हमले को लेकर जवाब मांगा है।

## भारत 2025 तक 5 वैश्विक जैव-विनिर्माण हब में शामिल होने के लिए तैयार: डॉ. जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि जैव प्रौद्योगिकी में वैश्विक व्यापार और भारत की संपूर्ण अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाली जैव-अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण साधन बनने की क्षमता है। भारत 2025 तक विश्व की 5 शीर्ष जैव-विनिर्माण हब में शामिल होने के लिए तैयार है। डॉ. जितेन्द्र सिंह शनिवार को प्रगति मैदान में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "ग्लोबल बायो-इंडिया-2023" की वेबसाइट लॉन्च करते हुए सभा को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन 4 से 6 दिसंबर, 2023 तक प्रगति मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी बायो इकोनॉमी ने पिछले 9 वर्षों में वर्ष-दर-वर्ष दहाई अंक की विकास दर देखी है। उन्होंने कहा कि भारत को अब दुनिया के शीर्ष 12 जैव प्रौद्योगिकी के केन्द्रों में गिना जाता है।

उन्होंने कहा, वर्ष 2014 में, भारत की जैव-अर्थव्यवस्था लगभग 10 बिलियन डॉलर थी, आज यह 80 बिलियन डॉलर है। केवल नौ वर्षों में यह 8 गुना बढ़ गया है और हम वर्ष 2030 तक इसके 300 अरब डॉलर होने की उम्मीद कर रहे हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि आने वाले समय में बायो इकोनॉमी आजीविका का एक वृहद लाभकारी स्रोत बनने जा रही है। बायोटेक स्टार्टअप भारत की भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

## कांग्रेस में सीएम तो मिल गए लेकिन वोटर नहीं मिले: केटीआर


**हैदराबाद**

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्य सरकार में मंत्री कल्वाकुंतला तारक राम राव (केटीआर) ने कहा कि अगर केसीआर दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बने तो राज्य की हालत खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल कांग्रेस में सीएम तो मिल गए लेकिन वोटर नहीं मिले। हैदराबाद स्थित जलविहार में आयोजित वकीलों की मैत्रीपूर्ण सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हैदराबाद में विकास सबको दिख रहा है लेकिन विपक्ष को नहीं। अगर केसीआर दोबारा नहीं जीते तो हैदराबाद का बढ़ता विकास रुक जाएगा। केसीआर को हराने के लिए सभी एकजुट हो रहे हैं। कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर ने कहा कि उनके नेता और पार्टी प्रमुख केसीआर जैसे महान अकेले आते हैं।

## 12 सेक्टर में भारत को ग्लोबल मैन्यूफैक्क्रिंग हब बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली**

मैन्यूफैक्क्रिंग को सरकार अगले चरण में ले जाना चाहती है और इस काम की जिम्मेदारी नीति आयोग को सौंपी गई है। नीति आयोग फिलहाल उन सेक्टर की पहचान करने में जुट गया है जिनमें भारत को उस सेक्टर का वैश्विक मैन्यूफैक्क्रिंग हब बनाया जा सकता है। कम से कम 12 सेक्टर की पहचान की जाएगी और इस दिशा में काम भी शुरू हो गया है। वर्ष 2020 में मैन्यूफैक्क्रिंग के प्रोत्साहन के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम की शुरूआत की गई थी और 14 सेक्टर में सरकार पीएलआई देने की घोषणा कर चुकी है। इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा जैसे सेक्टर में पीएलआई स्कीम के सकारात्मक परिणाम भी दिखने लगे हैं। बाकी के कई सेक्टर में अभी उत्पादन शुरू होना बाकी है।



**औद्योगिक मैन्यूफैक्क्रिंग के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहा**

नीति आयोग सूत्रों के मुताबिक, औद्योगिक मैन्यूफैक्क्रिंग के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहा है। अब इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, हाइड्रोजन, बैट्री, सेमीकंडक्टर जैसी वस्तुओं की मांग आने वाले समय में तेजी से बढ़ने वाली है। आयोग इन बदलाव को ध्यान में रखते हुए उन सेक्टर का चुनाव करेगा जिनमें भारत को वैश्विक मैन्यूफैक्क्रिंग का हब बनाया जा सकता है।

**भारतीय मैन्यूफैक्क्रिंग की समीक्षा की जाएगी**

इसके अलावा वर्तमान में भारतीय मैन्यूफैक्क्रिंग की समीक्षा की जाएगी और फिर उनमें से वैश्विक हब बनने की क्षमता वाले सेक्टर की पहचान की जाएगी। संभावित 12 सेक्टर में शामिल करने से पहले भविष्य में उस सेक्टर की वैश्विक मांग, उनके उत्पादन के लिए हमारी अपनी इंफ्रास्ट्रक्चर क्षमता जैसी चीजों की भी समीक्षा की जाएगी।

**बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की तैयारी**

आयोग के मुताबिक सिर्फ वैश्विक मैन्यूफैक्क्रिंग हब बनाने के लिए सिर्फ सेक्टर की पहचान ही नहीं की जाएगी बल्कि इस काम के लिए ट्रांसपोर्टेशन, लॉजिस्टिक, बिजली आपूर्ति और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की तैयारी की जाएगी।

**टैक्स में छूट जैसी बातों के लिए सुझाव**

इस काम के लिए आयोग सरकार को नीति बनाने से लेकर टैक्स में छूट जैसी बातों के लिए भी सुझाव देगा। अगले चार माह में भारत को कम से कम 12 सेक्टर में वैश्विक मैन्यूफैक्क्रिंग हब बनाने की रणनीति तैयार कर ली जाएगी। अभी पीएलआई स्कीम में कई ऐसे भी सेक्टर है जिनके तहत मैन्यूफैक्क्ररर्स बहुत अधिक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं जिससे उन सेक्टर में उत्पादन शुरू होने में विलंब हो रहा है।

# शिकायतों को गम्भीरता से लेकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराएं निस्तारणः डीएम

## तहसील सदर में डीएम एवं एसपी ने सुनी शिकायतें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 137 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 10 राजस्व विभाग की शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 137 शिकायतों में से 75 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 22, विकास विभाग से 06, विद्युत से 02 एवं 32 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा सुना गया।



सदर तहसील में समस्याएं सुनते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये और उसका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण भी किया जाये। भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करायें, इसमें कोई लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये एवं शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जीएम शुक्ला, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील सभागार में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र, एसडीएम लालधर यादव समेत अफसरों ने फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई किया। समाधान दिवस में कुल अड़तालिस शिकायतें आयीं। जिसमें से अफसरों ने छः शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की तेरह, पुलिस की आठ एवं विकास विभाग की छः रहीं। एएसपी रोहित मिश्र ने मातहतों से समस्याओं का पारदर्शितापूर्ण निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। इधर विभिन्न समस्याओं को लेकर संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह व पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए अधिवक्ताओं ने कहा कि लालगंज बाजार में तहसील से संगम चैराहा तथा बाबा घुइसरनाथ धाम मार्ग पर हुए अतिक्रमण से अधिवक्ताओं व छात्र छात्राओं समेत आमजन को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं अधिवक्ताओं ने कार्य दिवस के साथ ही समाधान दिवसों में भी अधिकांश लेखपालों की अनुपस्थिति पर आक्रोश जताया।

ज्ञापन के जरिए अधिवक्ताओं ने कहा कि इस समय वायरल व डेंगू बुखार से लोग तेजी से पीड़ित हो रहे हैं। वहीं तहसील सभागार के बगल शौचालय गंदगी से पटा है। तहसील का वाटर कूलर खराब होने से अधिवक्ताओं तथा वादकारियों को पीने का पानी संकट भी बना है। एसडीएम ने अधिवक्ताओं से समस्याओं के शीघ्र निदान का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, सीओ रामसूरत सोनकर, एसीओ राधेश्याम गुप्ता, एसडीओ सिंचाई गणेशशंकर, एडीओ सांगीपुर सरिता यादव, अधिवक्ता संघ के महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल, पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, हर्षद श्रीवास्तव, शिव नारायण शुक्ल, हरकेश पटेल, शैलेन्द्र सिंह आदि रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने निकाली मतदाता जनजागरूकता रैली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में शासन द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान का रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कालेज के विकास पुरूष प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी 18 वर्ष के ऊपर छात्रों को अपने अधिकार को पहचानना जरूरी है, जिसमे मत का अधिकार बहुत बड़ी पूँजी है।

इसका सदुपयोग हर नागरिक को सोच समझ कर करना चाहिए। लालगंज व्लाक के बीडीओ सुशील श्रीवास्तव जी ने मतदाता जागरूकता की प्रासंगिकता पर छात्रो के सामने प्रकाश डाला। छात्रों द्वारा रैली निकाली गई एवं मतदाता नारों से लालगंज गूंज गया,मतदाता फार्म भी छात्रों को बांटा गया जिससे वे भी मतदान कर सके। पूरा कार्यक्रम डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र कार्यक्रमाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के सानिध्य में संम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ए डी ओ पंचायत द्विवेदी, डॉ ऋचा पांडे, डॉ सीमा त्रिपाठी, डॉ निशान्त पांडे, डॉ शिवकुमार यादव, डॉ शैलेन्द्र सरोज, डॉ गंगाधर मिश्र, डॉ श्याम नारायण त्रिपाठी आदि लोगों ने जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। उक्त सूचना कालेज जनसूचनाधिकारी डॉ एफ एन मिश्र ने दी।



मतदाता जनजागरुकता रैली में शामिल प्राचार्य व छात्राएं।

# अधिवक्ता को कभी कम न आंके, वह भी हाईकोर्ट का जज बन सकता हैः न्यायमूर्ति राजीव

### जूबाए के शपथ ग्रहण समारोह में डीएम, एसपी व महाधिवक्ता रहे मौजूद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आज कचहरी परिसर में जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एवं प्रशासनिक अधिकारी जेजे मुनीर एवं विशिष्ट अतिथि राजीव सिंह रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, महाधिवक्ता कुलदीप त्रिपाठी, अवध बार एसोसिएशन के महासचिव मनोज मिश्र व एल्डर कमेटी के अध्यक्ष देव नारायण शुक्ल व न्यासी मण्डल अध्यक्ष भूपेन्द्र शुक्ल मौजूद रहे।

प्रारंभ में पूर्व विधायक धीरज ओझा ने मां बाराही देवी की प्रतिमा को सभी अतिथियों को देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने कहा कि मैं प्रतापगढ़ जनपद का होने के नाते यह आग्रह करता हूं कि वकील को कभी कम नहीं आंकना चाहिये। कोई भी वकील हाईकोर्ट का जज हो सकता है। मुख्य अतिथि प्रशासनिक अधिकारी जेजे मुनीर ने कहा कि न्यायिक कार्य में कभी कोई ऐसा कार्य न करें जिससे न्यायिक कार्य बाधित हो। प्रत्येक मुकदमे में न्यायिक अधिकारी को कुछ न कुछ आदेश करना चाहिये। यदि कोई मजिस्टेज्ट का आदेश गलत प्रतीत होता है तो ऊपर की अदालत में इसके विरुद्ध जाया जा सकता है। जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने हड़तालों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि न्याय की प्रवाह में कभी रुकावट नहीं डालनी चाहिये। निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र का वितरण जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने किया। जूबाए अध्यक्ष रोहित शुक्ल ने सभी न्यायिक अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि कचहरी भी चलेगी और वकीलों का सम्मान भी रहेगा। समारोह में सूर्यकांत निराला, विजयशंकर त्रिपाठी, राधेश्याम मिश्रा, सुरेश नारायण तिवारी, राधेश्याम शुक्ला, प्रदीप चित्रांशी, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, संतोष दुबे, अशोक कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



जूबाए के शपथ ग्रहण समारोह में दीप प्रज्जवलित करते न्यायमूर्तिगण।



छात्रा को प्रमाण पत्र देतीं एंजिल्स स्कूल की प्रबंधिका डा0 शाहिदा।

## भारत को जानो प्रश्न मंच में सवालों का छात्रों ने दिया जवाब, प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत विकास परिषद् शाखा विशाल द्वारा एंजिल्स इन्टर कॉलेज में आयोजित भारत को जानो प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसमें दो दर्जन से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। परिषद के सदस्यों की तरफ से जो भी प्रश्न किया गया। उसका छात्रों ने बड़ी ही सरलता और सहजता से जवाब दिया। जवाब सुनकर मंचासीन लोग काफी खुश नजर आए। कालेज की प्रबंधिका डॉ शाहिदा ने किया दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा है कि इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से छात्रों के मानसिक स्तर में वृद्धि होती है। भारत विकास परिषद् इस तरह के आयोजन करा रहा है। जो कि सराहनीय है। परिषद के अध्यक्ष गिरिजा शंकर मिश्रा ने कहा कि जो भी प्रतिभागी सफल होंगे वे प्रतियोगिता में आगे जायेंगे। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया तथा आज के कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्ग के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर संयोजक उदयभानु सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष गोविन्द खण्डेलवाल सचिव अश्विनी केसरवानी, नारायण खण्डेलवाल, श्रीमती श्रद्धा सिंह,शरद केसरवानी, डॉ आरके सिंह, श्रीनारायण शुक्ला, शिशिर खरे, समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे। प्रतियोगिता में कुल 22 प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें शुभम पाण्डेय, शिवांश पाण्डेय, प्रतीक सिंह, स्नेहा मौर्या, श्रेया सिंह, सत्यार्थ त्रिपाठी को पुरस्कृत किया गया।

## पट्टी के मेले में अराजकतत्वों की खैर नहीं, तीसरी आंख से होगी निगरानी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** इस बार पट्टी के मेले में अराजक तत्व अपनी मनमानी नहीं कर पाएंगे जहां एक तरफ प्रशासन इसके लिए चुस्त दुरुस्त है वही पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल इसके लिए विशेष रूप से सतर्क हैं ऐतिहासिक दशहरे मेले को सफल और सार्थक बनाने के लिए वह नई रणनीति से इस बार अपने अधीनस्थों को काम के लिए लगा दिया है। नगर में ऐतिहासिक दशहरा मेला का आयोजन माह के 19, 20 व 21 को होने जा रहा है। साथ लेकर आएं मेला समिति के साथ नगर पंचायत ने भी कमर कस ली है। शहरवासियों के लिए सबसे बड़ी बात है। मेले में लगने वाली दुकानें और मेला देखने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो इसके लिए नगरपंचायत ने विशेष व्यवस्था कर रखी है। साफ-सफाई लेकर सुरक्षा तक की जांच की जा रही है। मेले में सुरक्षा के आधार पर इस बार नगर की पंचायत की तरफ से सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है। मेला क्षेत्र से लेकर चैक तक का पूरा क्षेत्र कैमरे की निगरानी में रहता है, मेले के दौरान सबसे ज्यादा भीड़ भी इसी इलाके में होती है।

# देश भक्ति व बलिदान का इतिहास बताता है महानाट्य जाणता राजाः आचार्य शांतनु

### 24 नवम्बर को काशी में होगा महानाट्य जाणता राजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/परियावां।** मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर में शनिवार 4 नवंबर को छत्रपति शिवाजी के जीवन पर आधारित महानाटय जाणता राजा के काशी में मंचन के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य शांतनु महाराज ने कहा कि महानाटय जाणता राजा आगामी 24 नवंबर को काशी में होने जा रहा है। महानाट्य देश भक्ति और बलिदान का इतिहास बताता है। इसमें युद्ध नीति से लेकर राज्य व्यवस्था तक के बारे में शिवाजी महाराज से प्रेरणा मिलती है। शिवाजी के जीवन आदर्शों के बारे में विस्तृत बताया आप सभी जीवंत नाटक देखने को आमंत्रित हैं। उन्होंने आगे कहा कि शिवाजी भारत का एक ऐसा नाम है जिसे सुनते ही व्यक्ति में हिंदुत्व अपने आप जागृत होता है। इस महानाट्य को देखने के लिए आप लोग जरूर पहुंचे हम आप सभी का आह्वान करते हैं आचार्य शांतनु जी महाराज के कार्यक्रम को पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह द्वारा आयोजित मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काला काकर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमारी रत्ना सिंह पूर्व सांसद तथा संचालन सौरभ कुमार ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कालाकांकर राजपरिवार के जमाई महाराज राजा जय सिंह सिसोदिया राजस्थान रहे। अन्य प्रमुख लोगों में भाजपा जिला महामंत्री सतीश चैरसिया पूर्व कुंडा भाजपा प्रत्याशी श्री मती सिंधुजा मिश्र भाजपा नेत्री श्रीमती सुमन साहू ,संतोष तिवारी विनीत कुमार त्रिपाठी सहित दर्जनों भाजपा पदाधिकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिवम श्रीवास्तव राज भवन कालाकांकर के प्रबंधक डॉ घनश्याम यादव, अनूप कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह,पूर्व प्राचार्य डॉ सूर्यभान सिंह, प्रो रामकरन यादव एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



मदन मोहन मालवीय महाविद्यालय में मौजूद अतिथिगण।

## उप पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर प्रधानपति के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर प्रधानपति ने बुजुर्ग को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने पुलिस उप महानिरीक्षक से शिकायत की। पुलिस उप महानिरीक्षक के आदेश पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

लीलापुर थाना अन्तर्गत कटैया नेवादा गांव के शारदा प्रसाद मिश्र पुत्र स्व. रामनाथ मिश्र ने उप पुलिस महानिरीक्षक को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि चार अक्टूबर की सुबह करीब सात बजे वह अपनी गौशाला में काम कर रहा था। इसी बीच गांव के राजेश सिंह उर्फ तूफान सिंह पुत्र रामबहादुर सिंह उर्फ रनई सिंह वहां पहुंचे। आरोप है कि आरोपी ने व्यक्तिगत तथा चुनावी रंजिश के चलते पीड़ित के साथ गालीगलौज करते हुए उसे मारापीटा। बचाव में पहुंची पीड़ित की बहू को भी धक्का देकर गिरा दिया। यह भी आरोप है कि आरोपी पीड़ित को जबरन अपनी बाइक पर बैठाकर अपने घर ले गया। अपने घर ले जाकर कमरे में बंद कर दिया। आरोपी ने पीड़ित को धमकी देते हुए कहा कि मैं प्रधानपति हूं जो कहूंगा मानना पड़ेगा। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन कार्रवाई के नाम पर पुलिस हीलाहवाली करती रही। परेशान पीड़ित ने मामले की शिकायत उप पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज से करते हुए न्याय की गुहार लगायी। इसके बाद पुलिस उप महानिरीक्षक के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

## जमीनी विवाद में महिला की पिटाई, चार पर मारपीट व दलित उत्पीड़न का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में जातिसूचक शब्दों के साथ गालीगलौज व मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट, एससीएसटी का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बभनपुर गांव की प्रर्मिला सरोज पत्नी रामकिशोर सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि एक नवंबर को सुबह सवा सात बजे उसकी पुस्तैनी जमीन पर गांव के कलकाबक्श सिंह व उनके पुत्रगण राजू तथा वीरेन्द्र एवं पत्नी जबरन पुआल रखने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपीगण जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी डण्डे से पीड़िता को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में जांच के बाद पुलिस ने शुक्रवार की शाम कालकाबक्श समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# सीबीएसई की प्रायोगात्मक परीक्षा का कार्यक्रम जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रैक्टिकल का शेड्यूल जारी कर दिया है। सीबीएसई से पहले सीआईएससीई बोर्ड ने प्रैक्टिकल परीक्षा का शेड्यूल जारी किया था। सीबीएसई की वर्ष 2024 की लिखित बोर्ड परीक्षाएं फरवरी से प्रस्तावित हैं। इससे पहले बोर्ड संचालित सभी विद्यालयों को प्रैक्टिकल निर्धारित समय से पूरे कराने होंगे। इसके लिए बोर्ड ने एक जनवरी से 15 फरवरी तक की तारीख तय कर दिशानिर्देश विद्यालयों को भेज दिए हैं।

प्रैक्टिकल कराने के साथ ही बोर्ड के पोर्टल पर प्रैक्टिकल के अंकों को भी अपलोड करना होगा। बोर्ड द्वारा नोटिफिकेशन जारी होने के बाद अब प्रतापगढ़ के सभी स्कूलों में प्रैक्टिकल की तैयारियां शुरू हो गई हैं. मालूम हो कि प्रतागढ़ जिले में सीबीएसई मान्यता प्राप्त 37 विद्यालय हैं जिनके लगभाग 8000 परिक्षार्थी अगामी बोर्ड परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बोर्ड द्वारा प्रैक्टिकल के लिए अलग-अलग सब्जेक्ट के लिए 20, 30 और 50 मार्क्स तय किए गए हैं। प्रैक्टिकल की आखिरी डेट यानी 15 फरवरी तक सभी स्कूलों को प्रोजेक्ट और इंटरनल असेसमेंट जमा करने होंगे. स्कूलों ने नोटिफिकेशन आने के बाद स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल सबमिशन के लिए समय सीमा देना शुरू कर दिया है। इस बारे में बिपिन कुमार सोनी, सिटी कोऑर्डिनेटर, सीबीएसई ने बताया कि बोर्ड एग्जाम में बैठने वाले 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट अच्छे नंबर पाएं, इसके लिए टीचर उनके साथ लगे हुए हैं. प्रैक्टिकल डेट आने के बाद स्टूडेंट को अलर्ट होना होगा. अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर केन्द्रित करना होगा.स्टूडेंट के पास अब केवल दो माह का समय है, उन्हें इसका सदुपयोग करना चाहिए। बोर्ड ने वर्ष 2024 की प्रैक्टिकल परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है।

## मनायी गयी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व विधायक की पुण्यतिथि

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व रामपुर खास के पूर्व विधायक कुंवर तेजभान सिंह की पुण्यतिथि शनिवार को उनके पैतृक गांव अगई में मनायी गयी। गांव व आसपास के इलाके के लोगों ने पूर्व विधायक कुंवर तेजभान सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि अगई गांव में जन्में कुंवर तेजभान सिंह अपने जीवन की अंतिम सांस तक गरीबों व असहायों व समाज के दबे कुचले लोगों की सेवा में तत्पर रहे। वक्ताओं ने उनके कार्यो को प्रेरणास्पद ठहराया। कार्यक्रम का संचालन योगेश सिंह ने किया। आयोजक डा. वीरेन्द्र सिंह ने आभार जताया। इस मौके पर महेन्द्र सिंह, विनोद सिंह, संतोष सिंह, राय साहब सिंह, सुनील सिंह, गुरूवचन सिंह, ओमप्रकाश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## कार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण पांच से

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि माह नवम्बर, 2023 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 05 नवम्बर से 20 नवम्बर 2023 तक खाद्यान्न का वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। वितरण के सम्बन्ध में कोई भी शिकायत उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षकों, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी से सम्पर्क कर व टोल फ्री नम्बर पर की जा सकती है।

## कालाकांकर राजभवन घाट किनारे मनाया गया गंगा उत्सव

**परियावां, प्रतापगढ़।** कालाकांकर राजभवन घाट किनारे शनिवार को गंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह रही घाट किनारे रंगोली, चित्रकला के साथ वाद विवाद, गगा संकल्प ,साफ सफाई, के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे लोगो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया स्वच्छ भारत नमामि गंगे योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमे क्षेत्रीय वन विभाग के रेंजर हनुमान प्रसाद अपने स्टॉफ के साथ मौजूद रहे और गंगा को स्वच्छ बनाये रखने के लिए लोगो को शपथ दिलाई जिसमें रवि जायसवाल, शुभम अग्रहरि, रवि कुमार राधेश्याम (गोलू) तीरथ लाल जायसवाल, रामशंकर गुप्ता,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# किसानों को नि:शुल्क दलहन एवं तिलहन का मिनी किट मंत्री ने किया वितरित

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग श्री सूर्य प्रताप शाही ने ग्राम पट्टी नरवर में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय 02 दिवसीय विराट किसान मेला/तिलहन सेमिनार का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया तथा कृषि विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन भी किया। मंत्री ने किसानों को निःशुल्क दलहन एवं तिलहन का मिनी किट वितरित किया। मंत्री ने कार्यक्रम के सम्बोधित करते हुए इस क्षेत्र में संस्कृति, संस्कार एवं कृषि के जागरण के लिए इतना भव्य आयोजन कराने के लिए मेड़ई कल्याण ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। यहाँ पर 05 दिवसीय मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की रामकथा का भी आयोजन किया गया। जनपद कौशाम्बी एवं प्रयागराज भगवान श्रीराम से जुड़ा स्थल है। अयोध्या में भव्य राम मन्दिर का निर्माण कार्य चल रहा है। 22 जनवरी 2024 को रामलला भव्य राम मन्दिर में विराजमान हो जायेंगे, इस अवसर पर देश भर से लगभग 8500 साधु सन्त उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी जनपद एवं आस-पास के जनपद की भूमि खेती की भूमि है। माँ गंगा नदी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए कृषि

**प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान ने जनपद स्तरीय 02 दिवसीय विराट किसान मेला/ तिलहन सेमिनार का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ**




विभाग द्वारा विगत वर्षों से 05 किमी0 के दायरे में किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से कहा कि पराली न जलायें, पराली प्रबन्धन के उपायों को अपनायें। पराली जलाये जाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। मंत्री ने किसानों से आवाह्न किया कि मिट्टी की उर्वरता बनाये रखने तथा पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त बनाये रखने के लिए न्यूनतम रासायनिक खाद एवं कीटनाशक का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप हमारा प्रयास होना चाहिए कि ह्लपर ड्रॉप-मोर क्रॉपह्व। किसानों को स्प्रिंकलर के लिए कृषि विभाग द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। ड्रिप सिंचाई तकनीक अपनाने से भी कम पानी में अधिक उपज होती है। उन्होंने कहा कि पानी बहुमूल्य है, अपने भावी पीढ़ी के लिए जल बचाना है। हम लोगां को वर्षा जल का संचयन करना चाहिए। किसानां को खेत-तालाब योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है, किसान तालाब में मछली पालन भी कर सकतें हैं। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जा रहा है, जिससे जनपद सब्जियों एवं फलों के उत्पादन के लिए उत्कृष्ट केन्द्र बनेंगा। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 02 लाख 13 हजार 372 किसानों को 520 करोड़ 81 लाख 14 किस्तों में अब तक मिल चुका है। उन्होंने कहा कि योगी की सरकार की प्रथम कैबिनेट बैठक में किसानों के एक लाख तक के कृषि ऋण को माफ करने का निर्णय लिया गया था। जनपद कौशाम्बी में 24596 किसानां का कुल 40 करोड़ 31 लाख रुपए माफ किया गया। मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा बाजरा रू0-2500 प्रति कुंतल की दर पर खरीद किया जा रहा है, पूरे प्रदेश में 46 हजार 920 मी0टन बाजरा की खरीद अब तक की जा चुकी है। धान की खरीद की जा रहीं है। उन्होंने कहा कि किसान, जो भी उपज पैदा करेंगे, मोदी एवं योगी जी की सरकार शत-प्रतिशत खरीद सुनिश्चित करेंगी। किसानों को एक सप्ताह के अन्दर भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा हैं। उन्होंने किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने तथा उन्नतशील खेती करने का आवाह्न करते हुए कहा कि उन्नतशील खेती करने से कम लागत में अधिक उत्पादन होगा तथा आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने किसानां से कहा कि कृषि विभाग द्वारा किसान पाठशाला का आयोजन किया जाता है, किसान पाठशाला में जरूर जायें, वहाँ पर सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं एवं उन्नतशील खेती के विषय में जानकारी दी जाती है। उन्होंने किसानों से अधिकाधिक तिलहन व दलहन की फसल का उत्पादन करने का आवाहन करते हुए कहा कि यह संकल्प लें कि उ0प्र0 को खेती के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रदेश बनाना है। कार्यक्रम को अपर निदेशक कृषि टी0पी0 चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य एवं पूर्व निदेशक दीनदयाल धाम राजेन्द्र ने भी सम्बोधित किया इस अवसर पर डीएम सुजीत कुमार, सीडीओ डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी एवं अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा भोले शंकर एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मंत्री ने वितरित किया डमी चेक

**कौशाम्बी।** प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग सूर्य प्रताप शाही ने सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना के लिए कृषक धर्मेन्द्र सिंह एवं श्याम सुन्दर को रू0-04-04 लाख का अनुदान का डमी चेक तथा इन-सीटू योजनान्तर्गत फार्म मशीनरी बैंक के लिए फार्मर प्रोड्यूशर संघ गिरधरपुर गढ़ी एवं आईफा फार्मर प्रोड्यूशर कम्पनी को रू-12 लाख अनुदान के साथ ही ट्रेक्टर की चाभी वितरित किया।

## न्यूज झरोखा

### राइफल शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर के लिये चयनित छात्राओं का सिराथू स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत



**कौशाम्बी।** 01 नवम्बर से 3 नवम्बर तक मेरठ में आयोजित हुयीं 67 वीं प्रादेशीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार की रेशमा देवी ने स्वर्ण पदक,मधु देवी ने रजत पदक एवं खुशबु देवी ने कांस्य पदक तथा अण्डर-14 बालिका वर्ग में शिखा वर्मा ने रजत पदक प्राप्त कर तथा धनपत्ती देवी इण्टर कॉलेज थुलगुला की आकांक्षा सक्सेना ने रजत पदक एवं साक्षी देवी ने कांस्य पदक प्राप्त कर जनपद कौशाम्बी से कुल 6 छात्राएं राष्ट्रीय स्तर के लिये चयनित होकर अपने-अपने विद्यालय एवं जनपद को गौरवान्वित किया। बच्चों के संगम एक्सप्रेस से सिराथू स्टेशन पहुँचने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, प्रबन्धक एवं क्षेत्रीय लोगों ने माला पहनाकर एवं मिष्ठान विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया स्वागत करने वालों में डॉ. रामकिरण त्रिपाठी, श्री रामसुभग त्रिपाठी बीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, धनंजय सिंह,त्रिलोकीनाथ, अमित त्रिपाठी, शिवदत्त पाण्डेय, बलवन्त कुमार,दिवाकर त्रिपाठी, सज्जन सिंह,पुनीत अग्रहरी, आदित्य सिंह आदि शिक्षक एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### शस्त्र और शास्त्र दोनों धर्म रक्षा के लिए आवश्यक्ष कारक : विश्वपति



**कौशाम्बी।** मूरतगंज विकासखंड के कासिया गांव में हिंदू जागरण मंच शस्त्र का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर संगठन के प्रांतीय युवा मंच के अध्यक्ष विश्वपति बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में शस्त्र एवं शास्त्र दोनों को जीवन का आवश्यक अंग माना गया है। शस्त्र और शास्त्र के जरिए ही धर्म की रक्षा व समाज की रक्षा की जा सकती है। पूर्व में भारतीय समाज के सभी वर्गों को गुरुकुल की शिक्षा दी जाती थी जहां पर सभी को धार्मिक पुस्तकों के साथ शस्त्र चलाने इस बात का द्योतक है कि हमारे प्राचीन भारत में शास्त्र एवं शास्त्र दोनों को मानव जीवन का अभिन्न अंग माना गया है। इसलिए अपने पूर्वजों के दिखाए गए आदर्शों पर हम सभी को चलना है समाज हुआ परिवार की रक्षा के लिए धर्म के रक्षा के लिए शस्त्र उठाना भी शास्त्रों में धर्म माना गया है। इस मौके पर बोलते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने कहा कि धर्म रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों ने कई बार शस्त्र उठाए हैं। धर्मो रक्षति रक्षिता यह वाक्य इस बात को चरितार्थ करता है कि धर्म स्थापना के लिए ऋषि मुनियों ने शस्त्र को धारण किया है। शस्त्र पूजन को हिंदू धर्म की एक धार्मिक पद्धति बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक हिंदू परिवार को वर्ष में दो बार घर में उपयोग में आने वाले शस्त्रों की पूजा करनी चाहिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से राजेश त्रिपाठी, अवधेश चंद्र, सुरेश चन्द्र, सुधीर मिश्रा, रजत पाण्डेय, शिखर मिश्रा, प्रकाश दुबे, राघवेंद्र द्विवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अनियंत्रित होकर आलू लदी ट्रक पलटी, ट्रक चालक घायल



**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा थाना अंतर्गत लेहदरी गंगा पुल के पास सुबह ट्रक चालक को नींद की झपकी लगने से ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया जिससे ट्रक चालक मो. सलीम पुत्र तैयाब 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने इस घटना को देखकर पुलिस और 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। पुलिस और 108 टीम मौके पर पहुंचें और घायल सलीम को 108 एम्बुलेंस द्वारा नजदीकी अस्पताल सी एच सी कड़ा ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद कड़ा के डॉक्टरों ने उसे 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर रेफर कर दिया। ट्रक पर आलू लदी हुयी थी चालक आलू लेकर कलकत्ता जा रहा था।

### भवंस मेहता विद्याश्रम में इंटर हाउस बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में इन्टर हाउस बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारम्भ विद्यालय के प्रिंसिपल संजय कुमार श्रीवास्तव ने किया। प्रतियोगिता नेहरू हाउस, मुंशी हाउस, मेहता हाउस, मालवीय हाउस के बीच सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में 67 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। एकल वर्ग में फाल्गुनी मिश्र विजेता और स्नेहा उपविजेता रही। युगल वर्ग में झ्र स्नेहा , आयूशी साहू विजेता एवं फाल्गुनी मिश्र, प्रिज्ञा उपविजेता रही। निर्णायक की भूमिका सुधाकर सिंह ने निभाई। सभी छात्र एवं छात्राओं ने प्रतियोगिता का आनंद उठाया,प्रिंसिपल संजय कुमार श्रीवास्तव ने पुरस्कार वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# कालेज प्रबंधतंत्र से परेशान कर्मचारी ने राष्ट्रपति से मांगी इच्छा मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**

कौशाम्बी। जिले में पत्नी के इलाज के लिए कॉलेज प्रबंधन ने कर्मचारी को वेतन और छुट्टी नहीं दी,पैसे के अभाव में पत्नी का इलाज नहीं करा पाया और पत्नी एक बेटी, 2 बेटों और उसे अकेला छोड़ इस दुनिया से चली गई।जिसके बाद कर्मचारी ने जिंदगी से तंग आकर राष्ट्रपति को खून से पत्र लिखकर परिवार सहित इच्छामृत्यु की इजाजत मांगी है। कौशाम्बी जिले के एक कॉलेज के मैनेजमेंट के कुचक्र में उलझे कर्मचारी परिचारक की है। जो जिंदगी से हार कर अब परिवार के साथ राष्ट्रपति से इच्छामृत्यु की गुहार लगा रहा है, खास बात यह है कि उसे इलाहाबाद हाईकोर्ट से नौकरी पर वापस लेकर वेतन दिए जाने का आदेश भी मिला हुआ है,इसके बावजूद नौकरी देने के बाद वेतन न देकर कॉलेज का मैनेजमेंट उसका उत्पीड़न कर रहा है। कौशाम्बी जिला मुख्यालय मंझनपुर के स्थानीय थाना क्षेत्र के बरौला गांव में जितेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी कुशला देवी (41) के अलावा एक बेटी योगिता सिंह, 2 बेटा कीर्ति सिंह व शिवांश सिंह हैं, परिवार बहुत खुश था लेकिन अप्रैल 1995 को परिवार की खुशियों को किसी की नजर लग गई। जितेंद्र सिंह के पिता गुलाब सिंह की गांव के प्राइमरी स्कूल के नजदीक चुनावी रंजिश में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। जितेंद्र के पिता फतेहपुर जिले के धाता कस्बा स्थित चौ. रामरूप सिंह धनराज सिंह इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक थे। पिता की मौत के बाद मृतक आश्रित में उनके बेटे जितेंद्र सिंह को कॉलेज में चपरासी परिचारक की नौकरी नवंबर 1999 में मिली। नौकरी मिलने के बाद जितेंद्र को लगा कि परिवार पर टूटे दुख के पहाड़ में कुछ राहत की सांसें मिलेगी लेकिन ऐसा न हो सका। जितेंद्र सिंह के मुताबिक, उन्होंने नौकरी जॉइन कर काम शुरू कर दिया। नौकरी के 5 साल साल 2003 तक सब कुछ ठीक रहा। कॉलेज प्रिंसिपल अमृत लाल सिंह से उन्होंने 5 साल बाद अपने प्रमोशन की मांग की। जिसके बाद कॉलेज प्रिंसिपल और प्रबंधन की नाराजगी का कहर झेलना शुरू हो गया। कॉलेज में वह नौकरी करने के लिए जाते तो उन्हें जबरिया अटेंडेंस रजिस्टर पर साइन नहीं करने दिया जाता।साजिश कर उन्हें कॉलेज से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। 15 साल इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमा लड़ने के बाद उन्हें इंसाफ मिला। अदालत ने उनके पक्ष में फैसला देकर न सिर्फ नौकरी पर वापस लिए जाने का आदेश कॉलेज को दिया बल्कि मुकदमे के दौरान का भी वेतन देने का आदेश कॉलेज प्रबंधन को दिया। कॉलेज ने नौकरी पर बड़ी मुश्किल से वापस लेकर चपरासी की नौकरी दी। जितेंद्र का आरोप है कि अब तक उन्हें प्रोमोशन नहीं दिया गया और न ही वह वेतन दे रहे हैं। कॉलेज प्रबंधन यदि उन्हें चपरासी के वेतन को देता है, तो भी उनका भुगतान 40 लाख रुपए देने चाहिए। जबकि अदालत के आदेश के मुताबिक कॉलेज को उन्हें बड़े बाबू के पद पर प्रमोट कर 80 लाख रुपए से अधिक का भुगतान करना है। जो अभी तक नहीं किया गया है। उन्हें महज 6 हजार रुपए देकर आर्थिक उत्पीड़न किया जा रहा है। थक हार कर जितेंद्र सिंह ने अपने खून से लेटर लिखा है, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति से इच्छामृत्यु मांगी है। उन्होंने लिखा है- कॉलेज प्रशासन लगातार हमको परेशान कर रहा है। वह हमको नौकरी से निकलवाना चाहते हैं। हटाने के लिए कुचक्र रच रहे है। कॉलेज के रवैये से तंग आ गया हूं। महामहिम राष्ट्रपति महोदय से निवेदन है कि प्रार्थी को इंसाफ दिलाए या फिर इच्छामृत्यु की अनुमति प्रदान करें। जितेंद्र सिंह को कॉलेज प्रशासन लगातार परेशान करता रहा। जिसमें उलझ कर जितेंद्र सिंह की पत्नी कुशला देवी ने ब्लड कैंसर से अक्तूबर 2023 में दम तोड़ दिया। जितेंद्र के 3 बच्चों के सिर से मां का साया छिन गया। जितेंद्र सिंह ने बताया, नौकरी में मुश्किल आने के बाद से पत्नी कुशला बीमार रहने लगी। उन्हें लगा घर की परेशानियों से पत्नी को सदमा लगा है। वह इलाज के लिए डॉक्टरों के चक्कर लगाते रहे। इस दौरान कॉलेज ने उन्हें छुट्टी देने से माना कर दिया।जितेंद्र सिंह ने बताया, कॉलेज के प्रबंधन के कुचक्र में फंस कर उन्होंने अपना सब कुछ बर्बाद कर दिया। इंसाफ के लिए 16 साल से कॉलेज के प्रबंध एवं अधिकारियों के चक्कर लगा रहा हूं, लेकिन कोई भी इन्हें प्रबंधन के कुचक्र से मुक्ति नहीं दिला पाया है। इसी कारण परेशान होकर एक आखिरी रास्ते को चुनते हुए देश के राष्ट्रपति को अपने खून से पत्र लिखकर इंसाफ मांग रहा हूं। इसके साथ ही उनसे इच्छा-मृत्यु दिए जाने की मांग की है। इस मामले में कालेज के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने बताया, वह इस संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते। अधिक जानकारी के लिए प्रिंसिपल राम प्रताप सिंह से आप संपर्क करें। प्रिंसिपल से संपर्क करने पर उन्होंने कॉलेज में आकर बात करने की बात कही है।

## पेट्रोल पंप पर उठ्ध्र भरते समय ऑटो में अचानक लगी आग से मचा हड़कंप

**कड़ी मशक्कत के बाद बुझाई गई आग**

**कौशाम्बी।** जिले के करारी थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरते समय ऑटो में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया,सूचना पर पहुची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक ऑटो जलकर राख हो गया,गनीमत रही कि आग से पेट्रोल पंप को नुकसान नहीं हुआ, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के मोअजमपुर गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप में एक ऑटो सीएनजी गैस भरवा रही थी तभी उसमे अचानक आग लग गई,आग की लपटे ऊंची उठने लगी तो हड़कंप मच गया,सूचना पुलिस को दी गई,आग की सूचना पर पहुंची पुलिस और पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# गला घोट कर बेटे ने मां को उतारा मौत के घाट

**हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर महेवाघाट पुलिस कानूनी कार्यवाही में जुटी**

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के गरौली गांव में एक शराबी पुत्र ने मां और बेटे के रिश्ते को कलंकित करते हुए अपने ही वृद्ध मां का गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। पुत्र के द्वारा वृद्ध महिला की हत्या किए जाने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची महेवाघट पुलिस लिखा पढ़ी के बाद डेड बॉडी को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। लाश पोस्टमार्टम हाउस भेजने के बाद फरार हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर महेवाघाट पुलिस कानूनी कार्यवाही में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनिया देवी उम्र लगभग 80 वर्ष पत्नी स्वर्गीय विरंजन लोधी का पुत्र गया प्रसाद लोधी एक शराबी किस्म का व्यक्ति है आए दिन नशा करना उसकी आदत में शुमार है। नशा करने के बाद घर में गाली - गलौज और मारपीट करना उसकी आदत बन गई है। शुक्रवार की रात नशे में धुत होकर गया प्रसाद घर आया और 80 वर्षीय वृद्ध मां से नशा करने के लिए पैसा मांगने लगा। वृद्ध महिला के द्वारा शराबी पुत्र को पैसा ना देने पर गाली - गलौज मारपीट करने लगा। मारपीट गाली - गलौज करने से शराबी पुत्र का मन नही भरा तो गला दबा कर मौत के घाट उतार दिया जब तक लोग मौके पर पहुंचकर बीच बचाव करते तब तक वृद्ध महिला की मौत हो चुकी थी।

# जिलाधिकारी एवं एसपी ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिये। डीएम ने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन आईजीआरएस पोर्टल को चेक करने तथा शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिराथू में कुल 109 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील मंझनपुर में कुल 40 शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें 03 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 47 शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम प्रबुद्ध सिंह एवं प्रभागीय वनाधिकारी आरएस यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलटी चालक समेत तीन घायल

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कृष्णा डोली गांव के बड़ीबाग चौराहा पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली रोड कटी होने से पलट गई है हादसे में चालक समेत तीन लहूलुहान हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक पूरा मुक्ति थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर पुलिस चौकी अंतर्गत अहमदपुर पावन गांव का ट्रैक्टर चालक राजू सरोज पुत्र वकील वा सूरज सरोज पुत्र अशोक और विकास पुत्र अशोक तीनों लोग ट्रेक्टर से कही जा रहे थे अचानक ट्रेक्टर पलट जाने से तीनों घायल हो गए हैं आस पास के लोग मौके पर पहुँचे जेसीबी बुला कर घायलों को बाहर निकाला लोगो ने सूचना चरवा पुलिस को दिया मौके पर पहुंची चरवा पुलिस ने एंबुलेंस को फोन कर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया और घायलों के घर वालों को सूचना दिया।


## आटो पर छूट गई ज्वैलरी को पुलिस ने बरामद कर महिला को सौंपा

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना अंतर्गत एक गांव की महिला मूरतगंज बाजार से ज्वैलरी की दुकान से करीब 40,000/- रुपये कीमत की ज्वैलरी (पीली धातु) खरीद कर अपने घर जा रही थी। महिला के द्वारा खरीदी गई ज्वैलरी आटो पर छूट गया और महिला आटो से उतरकर घर चली गई। घर आकर देखा तो महिला की ज्वैलरी मौके पर नही मिली तब उसके होश उड़ गए। हैरान परेशान महिला संदीपन घाट थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत दर्ज कर संदीपन घाट थाना पुलिस गहन जांच में जुट गई। इसी दौरान सांदीपनघाट थाना के पुलिस हे0का0 रविन्द्रनाथ द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की मदद से ऑटो को खोजकर महिला का खोया हुआ सामान बरामद किया और सकुशल महिला के हांथ में सुपुर्द किया गया। महिला अपनी ज्वैलरी पाकर संदीपन घाट थाना पुलिस की सराहना की है।

# अपार जनसमुदाय के बीच अझुवा का 2 दिवसीय दशहरा मेला संपन्न

**रावण वध होते ही अपार जनमानस ने लगाए गगन भेदी जयश्री राम के नारे**

**अखंड भारत संदेश**







**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा गांधी चबूतरे मैदान में आयोजित रामलीला कार्यक्रम में बीती रात अधर्म पर धर्म की विजय रावण वध की लीला संपन्न हुई।इस दौरान समूचा वातावरण जय श्री राम के जय घोषों से गुंजायमान हो गया मेला देखने अपार जनसमुदाय उमड़ पड़ा मेले के आकर्षक सजावट और रोशनी चौकियो को देखकर भीड़ गदगद हुई पूरा मेला पूरी रात मेला देखने वाले महिला पुरुष बच्चे बूढ़े जवानों की भीड़ से खचाखच भरा हुआ रहा रामलीला प्रांगण में कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा एवम भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने स्वरूपों की आरती उतारकर कर राम दल यात्रा का शुभारंभ किया रामदल यात्रा नगर के भोला चौराहा होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग भोला चौराहा होते हुए लाई मंडी गुड मंडी शायरी माता तिराहा सब्जी मंडी होकर वापस रामलीला प्रांगड़ में समापन हुआ है इस दौरान जगह जगह कमेटी के लोगों ने रामदल का आरती पूजन स्वागत किया है कमेटी एवम नगर वासियों ने पुष्पवर्ष की है बैंड बाजे के साथ ढोल नगाड़े संग भक्तों ने जमकर ठुमके लगाए हैं। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट कोपरेटिव प्रयागराज कौशांबी अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य, ओम प्रकाश कुशवाहा, कपूर चंद्र केसरवानी, सौरभ केसरवानी, फूलचंद्र केसरवानी, प्रशांत केसरवानी, एस पी मौर्य, हीरालाल मौर्य, संजय केसरवानी, बाल करन मौर्य सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने पने संबोधन में कहा हमे श्री राम द्वारा स्थापित किए गए आदर्शों पर चलना चाहिए ये मेला दशहरा के उद्देश्य से लगाया गया है यदि हम प्रभु श्री राम के कुछ आदर्शों को गृहण कर सकें।

### मेला में जमकर उमड़ी भीड़

नगर पंचायत में मेला के दूसरे दिन दर्शनार्थियों का रेला उमड़ आया नगर की सड़कों,गलियों में केवल सिर ही सिर दिखाई पड़ने लगे क्या बच्चे बूढ़े नवजवान महिलाओं ने मेला का जमकर लुत्फ उठाया है बिजली की आकर्षक सजावट से पूरा नगर क्षेत्र झिलमिला उठा रोशनी कमेटियों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई जो सुबह 7 बजे तक अपने अपने कार्यक्रमों का प्रदर्शन करती रही ।डीजे का जमकर कंपटीशन हुआ रोशनी कमेटियों की प्रतियोगिता देखते ही बनती थी। नगर क्षेत्र के अलावा देहात क्षेत्र से बड़ी संख्या में से बड़ी संख्या में बच्चे बूढ़े नौजवानों ने मेले में लगे आकर्षक झूले ब्रेक डांस हवाई झूला रेल गाड़ी झूला एवं नगर क्षेत्र के शायरी माता तिराहे पर लगी नौटंकी और वार्ड नंबर 9 सनी मंडी में लगी नौटंकी में देहात क्षेत्र एवं नगर क्षेत्र के लोगों ने देखकर मनोरंजन प्राप्त किया है।

### प्रशासन की भूमिका सराहनीय रही

लाखों की भीड़ को कंट्रोल करने में प्रशासन ने महती भूमिका निभाई है एस डी एम प्रबुद्ध सिंह और सर्किल आफिसर अवधेश विश्वकर्मा कोतवाल चंदभूष्ण मौर्य चौकी इंचार्ज अरुण मौर्य भारी भरकम पुलिस कर्मियों के साथ रात भर व्यवस्था संभालते रहे हैं।

## संपादक की कलम से

# अहोई अष्टमीः संतान की मंगलकामना का पर्व

**हिन्दू** समुदाय में करवा चौथ के चार दिन पश्चात और दीपावली से ठीक एक सप्ताह पहले 'अहोई अष्टमी' का पर्व मनाया जाता है। प्रायः वही स्त्रियां यह त्योहार मनाती हैं जिनके संतान होती है। किन्तु अब यह व्रत निसंतान महिलाएं भी संतान की कामना के लिए करती हैं। 'अहोई अष्टमी' व्रत प्रतिवर्ष कार्तिक कृष्ण अष्टमी को किया जाता है और इस वर्ष यह पर्व 05 नवंबर को मनाया जा रहा है। स्त्रियां दिनभर व्रत रखती हैं। सायंकाल से दीवार पर आठ कोष्ठक की पुतली लिखी जाती हैं। उसी के पास सेह और उसके बच्चों के चित्र भी बनाए जाते हैं। पृथ्वी पर चौक पूरकर कलश स्थापित किया जाता है। कलश पूजन के बाद दीवार पर लिखी अष्टमी का पूजन किया जाता है। फिर दूध-भात का भोग लगाकर कथा कही जाती है। आधुनिक युग में अब बहुत सी महिलाएं दीवारों पर चित्र बनाने के लिए बाजार से अहोई अष्टमी के रेडीमेड चित्र खरीदकर उन्हें पूजास्थल पर स्थापित कर उनका पूजन करती हैं। कार्तिक कृष्ण अष्टमी को महिलाएं अपनी संतान की दीर्घ आयु तथा उनके जीवन में समस्त संकटों या विध्न-बाधाओं से उनकी रक्षा के लिए यह व्रत रखती हैं। कुछ स्थानों पर इस दिन धोबी मारन लीला का भी मंचन होता है, जिसमें श्रीकृष्ण द्वारा कंस द्वारा भेजे गए धोबी का वध करते प्रदर्शन किया जाता है। अहोई माता के रूप में अपनी-अपनी पारिवारिक परम्परानुसार लोग माता पार्वती की पूजा करते हैं।

अहोई अष्टमी व्रत के संबंध में कुछ कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी एक कथानुसार प्राचीन काल में किसी नगर में एक साहूकार रहता था। उसके सात लड़के थे। दीपावली से पहले साहूकार की स्त्री घर की लीपा-पोती हेतु मिट्टी लेने खदान में गई और कुदाल से मिट्टी खोदने लगी। दैव योग से उसी जगह एक सेह की मांद थी। सहसा उस स्त्री के हाथ से कुदाल सेह के बच्चे को लग गई, जिससे सेह का बच्चा तत्काल मर गया। अपने हाथ से हुई हत्या को लेकर साहूकार की पत्नी को बहुत दुख हुआ परन्तु अब क्या हो सकता था? वह पश्चाताप करती हुई शोकाकुल अपने घर लौट आई। कुछ दिनों बाद उसके बेटे का निधन हो गया। फिर अकस्मात दूसरा, तीसरा और इस प्रकार वर्ष भर में उसके सभी बेटे मर गए। महिला अत्यंत व्यथित रहने लगी। एक दिन उसने अपने आस-पड़ोस की महिलाओं को विलाप करते हुए बताया कि उसने जानबूझकर कभी कोई पाप नहीं किया। हां, एक बार खदान में मिट्टी खोदते हुए अनजाने में उससे एक सेह के बच्चे की हत्या अवश्य हुई है और तत्पश्चात मेरे सातों बेटों की मृत्यु हो गई।

यह सुनकर पास-पड़ोस की वृद्ध औरतों ने साहूकार की पत्नी को दिलासा देते हुए कहा कि यह बात बताकर तुमने जो पश्चाताप किया है, उससे तुम्हारा आधा पाप नष्ट हो गया है। तुम उसी अष्टमी को भगवती माता की शरण लेकर सेह और सेह के बच्चों का चित्र बनाकर उनकी आराधना करो और क्षमा-याचना करो।

ईश्वर की कृपा से तुम्हारा पाप धुल जाएगा। साहूकार की पत्नी ने वृद्ध महिलाओं की बात मानकर कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को उपवास व पूजा-याचना की। वह हर वर्ष नियमित रूप से ऐसा करने लगी। बाद में उसे सात पुत्रों की प्राप्ति हुई। तभी से अहोई व्रत की परम्परा प्रचलित हो गई।

# राहुल गांधी के बढ़ते कद से सपा चिंतित

**अशोक भाटिया**

**2024** के लोकसभा के चुनाव अभी दूर है पर सभी दलों ने 5 राज्यों के चुनाव के साथ-साथ 2024 के लिए अपनी जमीन मजबूत करना शुरू कर दी है । उत्तरप्रदेश में कांग्रेस ने जो अन्य दलों के नेताओं को अपने साथ जोड़ने का क्रम शुरू किया है उसमे सबसे ज्यादा प्रभावित सपा प्रमुख अखिलेश यादव है । सपा प्रमुख की अपने वोट बैंक को लेकर चिंता इसलिए भी हो सकती है, क्योंकि पिछले कुछ समय से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का कद विपक्षी नेताओं में लगातार बढ़ा है, जो कि भाजपा के छिटकने वाले मतदाताओं को भी रिझाकर भविष्य के लिए क्षेत्रीय दलों की जमीन कमजोर कर सकते हैं। देश के जिन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला है, वहां अल्पसंख्यक वोट कांग्रेस के खाते में जाने की संभावनाएं पहले से ही प्रबल हैं।

वहीं, उत्तर प्रदेश के संदर्भ में माना जाता है कि विधानसभा चुनावों में सपा-बसपा के पाले में कम-ज्यादा होने वाला मुस्लिम मतदाता लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भी विकल्प के तौर पर देखता है। कुछ पुष्टि आंकड़े भी करते हैं। लोकनीति-सीएसडीएस के सर्वे के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में 79 प्रतिशत मुस्लिमों ने सपा को वोट दिया था, जबकि कांग्रेस को सिर्फ चार प्रतिशत मत मिले।इससे पहले, 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में तस्वीर थोड़ी अलग थी। तब सपा-बसपा के गठबंधन को 73 प्रतिशत मुस्लिम मत मिला था, जबकि 14 प्रतिशत ने कांग्रेस पर विश्वास जताया था। तब निस्संदेह मोदी लहर में कांग्रेस बेहद कमजोर थी। अन्य राज्यों में भी उसे लगातार हार मिल रही थी। पर आज हालात बदले हुए हैं ।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव की तपिश जैसे-जैसे गर्म हो रही है, वैसे-वैसे उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के रिश्ते तल्ख होते जा रहे हैं। कांग्रेस उत्तरप्रदेश में सपा के वोटबैंक पर नजर गड़ाए बैठी है और उसी मद्देनजर सियासी तानाबाना बुन रही है। इमरान मसूद, हमीद अहमद और फिरोज आफताब जैसे दिग्गज मुस्लिम नेताओं की एंट्री कराने के बाद कांग्रेस अब सपा के एक बड़े कुर्मी नेता को शामिल कराने जा रही है, जो कि अखिलेश यादव के लिए बड़ा झटका होगा।

# भारत दुनिया का फूड बास्केट बनेगा

**किशन सनमुखदास भावनानी**
**गोंदिया**

भारत में आदि अनादि काल से खाद्य प्रसंस्करण घरेलू उद्योगों का बोलबाला रहा है। हम दशकों से देखते आ रहे हैं कि महिलाएं अपने घर में अनेक प्रकार के खाद्यों को प्रसंस्करण कर किसी बिचौलिए व्यक्ति, दुकानदार, एजेंसी धारक या किसी मॉल में कम दाम पर हस्तांतरित कर देती है फिर इस प्रकार के बिचौलिए उनकी कीमत पहचान कर मनमाने मूल्य पर अपने व्यापार स्थल में बेचते हैं जैसे पापड़ अचार कपड़े थैले दियाबाती पत्तल डोना खाद्य वस्तुएं इत्यादि अनेक प्रकार की चीजों का हस्तगत बनाकर, उत्पादन करते हैं। इस वर्ल्ड फूड इंडिया के माध्यम से भारत व पूरे विश्व के को इकट्ठा कर भारतीय पारंपरिक व्यंजनों का अंतरराष्ट्रीय स्तरपर प्रस्तुतीकरण कर विदेशी मेहमानों को भारतीय व्यंजनों का स्वास्थ्य चखाकर निवेश आमंत्रित करना है,जिसमें महिलाएं इस पारंपरिक क्षेत्र उद्योगों में आगे जाकर स्टार्टअप्स प्रौद्योगिकी के सहारे अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग कर अर्थव्यवस्था की नींव नए आयामों पर पहुंचे। इस मंच के माध्यम से देश के सरकारी संस्था, उद्योग के पेशेवरों, उद्यमियों, किसानों और अन्य कई हितधारकों को चर्चा में शामिल होने के साथ उनके समक्ष साझेदारी स्थापित करना है। इसके अलावा कृषि-खाद्य के क्षेत्रों में निवेश के अवसरों को एक मंच प्रदान करना है, इस महोत्सव का समापन 5 नवंबर 2023 को भारत की महामहाम राष्ट्रपति करेंगी। चूंकि इस उत्सव



के माध्यम से महिलाएं उद्यमी का दर्जा हासिल करके अपार सफलताएं अर्जित करने की संभावना है, इसलिए आज हम मीडिय में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में महिलाओं का अभूतपूर्व योगदान को रेखांकित करना वर्तमान समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम वर्ल्ड फूड इंडिया महोत्सव 3-5 नवंबर 2023 के दूसरे संस्करण की करें तो, वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 मेगा फूड इवेंट के दूसरे संस्करण का उद्घाटन आज नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम में हुआ। इसकी अध्यक्षता पीएम ने की। इस उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान, पीएम ने एक लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सदस्यों को प्रारंभिक पूंजी सहायता प्रदान की, जिससे इन समूहों के लिए समर्थन मजबूत हुआ। पीएम ने इस अवसर पर प्रदर्शित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।इस आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य भारत को दुनिया की फूड बास्केट के रूप में प्रस्तुत करना और 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के रूप में मनाना है। पीएम ने प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप मंडप के साथ-साथ कार्यक्रम में प्रदर्शित फूड स्ट्रीट की प्रशंसा की और इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी व पाक उत्कृष्टता का तालमेल भविष्य की अर्थव्यवस्था को आकार देगा। उन्होंने आज की बदलती दुनिया में खाद्य सुरक्षा की गंभीर चुनौती पर प्रकाश डाला और इस संदर्भ में वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के महत्व को रेखांकित किया।

साथियों बात अगर हम वर्ल्ड फूड महोत्सव 3-5 नवंबर 2023 के उद्घाटन अवसर पर माननीय पीएम के संबोधन की करें तो उन्होंने वर्ल्ड फूड इंडिया के परिणामों के कारण भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को प्राप्त महत्वपूर्ण मान्यता पर जोर दिया, जिसे अक्सर सनराइज सेक्टर कहा जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार की उद्योग-अनुकूल और किसान केंद्रित नीतियों की बदौलत इस क्षेत्र ने 50, हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ है। पीएम ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत हुई प्रगति का भी उल्लेख किया, जिससे नए प्रवेशकों को काफी सहायता मिली है। उन्होंने 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ फसल कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए एग्री-इंफ्रा फंड के तहत चल रही परियोजनाओं पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्र में प्रसंस्करण बुनियादी ढांचे में हजारों करोड़ रुपये के निवेश को प्रोत्साहित किया गया। भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के महत्व पर जोर दिया और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस अवसर पर महिलाओं के लिए कुटीर उद्योगों और स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने एवं 1 लाख से अधिक महिलाओं को प्रारंभिक पूंजी के वितरण का उल्लेख किया, सरकार के समर्पित प्रयासों को श्रेय देते हुए खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में भारत की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृषि-निर्यात नीति के निर्माण, राष्ट्रव्यापी लॉजिस्टिक्स और बुनियादी ढांचे के विकास, जिला स्तरीय केंद्रों की स्थापना, मेगा फूड पार्कों के विस्तार और भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि का उल्लेख किया। श्री मोदी ने भारत से निर्यात किए जा रहे अद्वितीय कृषि उत्पादों का भी उल्लेख किया, जैसे हिमाचल प्रदेश से काला लहसुन, जम्मू और कश्मीर से ड्रैगन फ्रूट और मध्य प्रदेश से सोया दूध पाउडर आदि। उन्होंने टिकाऊ कृषि, खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा पर जोर दिया, जैसा कि जी-20 दिल्ली घोषणापत्र में रेखांकित किया गया है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में सभी भागीदारों की भूमिका पर जोर दिया और प्रौद्योगिकी के माध्यम से फसल के बाद के नुकसान को कम करने का आग्रह किया और ऐसा विश्वास व्यक्त किया कि कार्यक्रम के निष्कर्ष वैश्विक स्तर पर एक टिकाऊ और खाद्य सुरक्षित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

आयुर्वेद से जुड़ी स्थायी खाद्य आदतों के महत्व पर जोर देते हुए भारत की समृद्ध खाद्य विविधता और सांस्कृतिक विरासत पर चर्चा की। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए प्राचीन ज्ञान को लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया। 2023 को पोषक अनाज वर्ष के रूप में स्वीकार किया और वैश्विक स्तर पर मिलेट्स के उपयोग को बढ़ाने पर चर्चा को प्रोत्साहित किया। उन्होंने टिकाऊ कृषि, खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा पर जोर दिया, जैसा कि जी-20 दिल्ली घोषणापत्र में रेखांकित किया गया है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में सभी भागीदारों की भूमिका पर जोर दिया और प्रौद्योगिकी के माध्यम से फसल के बाद के नुकसान को कम करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यक्रम के निष्कर्ष वैश्विक स्तर पर एक टिकाऊ और खाद्य-सुरक्षित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

साथियों बात अगर हम इस महोत्सव के पहले दिनसमझौता एमओक्यू की करें तो, वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के पहले दिन, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) और विभिन्न उद्योग संस्थाओं के बीच कुल 16 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों पर कुल लगभग 17,990 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इन एमओयू में भाग लेने वाली उल्लेखनीय कंपनियों मेंमोंडेलेज केलॉग, आईटीसी, इनोबेव, नेडस्पाइस, आनंदा, जनरल मिल्स और एब इनबेव शामिल हैं।

बता दें भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के उद्घाटन दिवस पर एक गोलमेज चर्चा का आयोजन किया।

# भारत को छद्म सेकुलरवाद से मुक्ति चाहिए

**हृदयनारायण दीक्षित**

**अपने** विवेक और विश्वास के आधार पर जीना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। भारतीय संविधान (अनु. 19) में विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संगठन बनाने व देश में अबाध संचरण के मौलिक अधिकार हैं। लेकिन छद्म सेकुलरवादी राष्ट्र राष्ट्रीयता व संवैधानिक मूल्यों पर आक्रामक रहते हैं। हाल में तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने सेकुलरिज्म के नाम पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचरण कार्यक्रम पर रोक लगाई थी। सरकार ने प्रस्तावित कार्यक्रम के मार्ग में मस्जिद और चर्च होने के अमान्य तर्क दिए और कार्यक्रम की अनुमति देने से इनकार किया। मद्रास उच्च न्यायालय ने इस कृत्य पर कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा है कि, 'संघ को अनुमति देने से इनकार करने का निर्णय संविधान की पंथनिरपेक्ष नीति के विरुद्ध है और लोकतान्त्रिक सिद्धान्तों के भी असंगत है।' सरकार का निर्णय मौलिक अधिकारों के भी विरुद्ध है। स्टालिन सरकार ने सेकुलरवादवाद की आड़ में पिछले वर्ष भी ऐसा ही किया था। तब संघ ने गांधी जयंती और भारतीय स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रम करने की अनुमति मांगी थी। सरकार ने अनुमति नहीं दी। संघ ने तब भी न्यायालय की शरण ली थी। वस्तुतः स्टालिन सरकार भारतीय सांस्कृतिक विचार का विरोध करती है। बेशक अपनी विचारधारा का प्रसार करना सबका अधिकार है। लेकिन स्टालिन सरकार सनातन परम्परा को मलेरिया, डेंगू, कोरोना आदि बताती है। सनातन परम्परा व संवैधानिक आदर्शों का अपमान करती है और इस सब के लिए छद्म सेकुलरवाद का सहारा लेती है। भारत के अधिकांश दल सेकुलरवाद के बहाने बहुसंख्यकों की भावना पर आक्रामक रहते हैं। सेकुलरवाद भारतीय विचार नहीं है। यह विचार यूरोप से आया है। इस शब्द का अर्थ प्रत्यक्ष भौतिक या सांसारिक होता है। इस विचार में आस्था के सभी केन्द्र गैरसेकुलर हैं। सेकुलरवाद की परिभाषा में सभी आस्थाएं और विश्वास गैरसेकुलर हैं। ईश्वर भी प्रत्यक्ष भौतिक संरचना नहीं है। ईश्वर प्रत्यय है और विश्वास है। इसलिए सेकुलर नहीं है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने हिन्दुत्व को भारत की जीवन पद्धति बताया था कि, 'हिन्दुत्व किसी 'रिलीजन' या उपासना-पद्धति का नाम नहीं है। भारत की सुदीर्घ काल से चली आ रही संस्कृति और उस पर आधारित जीवन पद्धति का नाम है। हिन्दुत्व भारतीयता का पर्यायवाची है।' लेकिन सेकुलरवाद




में हिन्दू और हिन्दुत्व साम्प्रदायिक हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक संगठन है। सेकुलर चश्मे में वह साम्प्रदायिक है लेकिन घोर साम्प्रदायिक मुस्लिम लीग, एआईएमआईएम सेकुलर हैं। इस विचार में ईसाईयत और इस्लामी विश्वास सेकुलर हैं। सार्वजनिक कार्यक्रमों में दीप प्रज्जवलन और संस्कृत के सुभाषित पढ़ना साम्प्रदायिक है। सरस्वती वंदना भी साम्प्रदायिक है। सभी सांस्कृतिक प्रतीक साम्प्रदायिक हैं। इनका विरोध सेकुलरवाद है। वन्दे मातरम् भी सेकुलरवादियों के निशाने पर रहा है। इस्लामी परम्परा के रोजा कार्यक्रमों में राजनेताओं का जाना सेकुलर है। रामनवमी और जन्माष्टमी उत्सवों में हिस्सा लेना साम्प्रदायिक है। सेकुलरवादियों ने योग को भी साम्प्रदायिक बताया था। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राज्य अमीरात गए थे। वे वहां की विशाल मस्जिद भी गए। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा सफल रही। उनकी प्रशंसा हुई लेकिन सेकुलर दलतंत्र में दिलचस्प प्रतिक्रियाएं हुईं। प्रधानमंत्री की सहजता को सेकुलर दिखाई देने की कोशिश कहा गया था। मंदिर, मस्जिद या चर्च आदि उपासना केन्द्रों में जाने के प्रायः दो कारण हो सकते हैं। पहला अपनी आस्था विश्वास के अनुसार मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद या चर्च जाना। यह स्वाभाविक है। दूसरा अपनी आस्था से भिन्न समुदायों के प्रति आदर भाव व्यक्त करने के लिए भी लोग उपासना स्थलों पर जाते हैं। लेकिन छद्म सेकुलरवाद ने मस्जिद जाने का तीसरा कारण बताया कि, मस्जिद जाने से सेकुलर होने की गारंटी है। एक सीनियर मुफ्ती कादरी ने दयनीय टिप्पणी की थी कि, 'प्रधानमंत्री होने के बाद मोदी ने अपने पद की जिम्मेदारियां ठीक से समझ लीं।' मुफ्ती की मानें तो मोदी जी मस्जिद न जाते तो गैर जिम्मेदार थे। मुफ्ती के अनुसार मस्जिद जाना संवैधानिक फर्ज निभाने के लिए जरूरी है। ऐसी ही हास्यास्पद टिप्पणी मुस्लिम विकास परिषद के चेयरमैन ने भी की, 'मस्जिद जाने की यह घटना स्टंट है। मोदी वाकई भारत को सेकुलर सिद्ध करना चाहते थे तो उन्हें अबुधाबी से पहले भारत की किसी मस्जिद में जाना चाहिए था।' टिप्पणी का भाव है कि, 'भारत को सेकुलर सिद्ध करना हो तो मस्जिद जाइए और स्वयं भी सेकुलर हो जाइए। नहीं जाते तो साम्प्रदायिक बने रहिए। छद्म सेकुलरवाद में सभी राष्ट्रीय प्रतीक साम्प्रदायिक हैं और अलगाववाद के प्रतीक सेकुलर हैं। मजेदार बात यह है कि इस्लामी राजनीतिक विचारधारा सेकुलरवाद नहीं मानती। ऐसी राजनीति राष्ट्रवाद को भी बुरा मानती है। इस्लामी विचार के विद्वान डॉ. मुशीरुल हक ने लिखा है, 'मुसलमान का यकीन है कि यह ईश्वरीय ज्ञान (इस्लामी मजहब) सारी दुनिया में फैलाना है। इसलिए वह उन लोगों को सम्मान की दृष्टि नहीं देख सकता जो कहते हैं कि सभी धर्म सच्चे हैं।' मौलाना मौदूदी इस्लाम और नेशनलिज्म को परस्पर विरोधी मानते। व्यावहारिक सेकुलर राजनीति में सेकुलरवाद का अर्थ अल्पसंख्यकवाद है और अल्पसंख्यकवाद का अर्थ मजहबी तुष्टीकरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में तुष्टीकरण को विकास विरोधी बताया है। छद्म सेकुलरवादी भारत को सांस्कृतिक राष्ट्र नहीं मानते। संघ इस देश को सांस्कृतिक राष्ट्र मानता है। राष्ट्र का परम वैभव संघ का ध्येय है। संघ पाकिस्तानी हमले (1965) में सरकार के साथ था। तत्कालीन संघ प्रमुख माधव सदाशिव गोलवलकर ने सितम्बर 1965 में वक्तव्य दिया कि, 'युद्ध थोपा गया है। परिस्थिति गंभीर है।

हम सब को नई जिम्मेदारियों का वहन करना होगा। शासन उन्हें निभाएगा। लेकिन उस पर काफी भार होगा। मैं देशवासियों और संघ के स्वयंसेवकों का आह्वान करता हूं कि सरकार का समर्थन करें।' हिन्दू सभी पंथों का सम्मान करते हैं। भारत में सभी आस्था विश्वासी मजे से रहते हैं।

# भारत ने दिलाई मोटे अनाज को अंतर्राष्ट्रीय पहचान

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**मोटा** अनाज यानी की श्रीअन्न आज दुनिया की पसंद बनता जा रहा है। दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि आज समूची दुनिया 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट ईयर के रूप में मना रही है। मोटे अनाज के महत्व और पोषकता को देखते हुए ही इसे श्रीअन्न कहकर पुकारा गया। 2018 में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटे अनाज को पोषक अनाज घोषित करने के लिए विश्वव्यापी अभियान शुरू किया था। यह उनके प्रयासों का नतीजा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने मोटे अनाज के महत्व को समझते हुए 2023 को इंटरनेशनल मिलेट ईयर घोषित किया। आज देश-दुनिया के देश मोटे अनाज के प्रति जागरूक हो रहे हैं। दरअसल खान-पान के चलते एक के बाद एक बीमारियों से लोग दो-चार होने लगे हैं। ऐसे में मोटा अनाज एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरा है। देश-विदेश में मोटे अनाज का गुणगान होने लगा है। मोटापा, डायबिटीज, विटामिन की डेफिसिएंसी, बढ़ती हार्ट डिजिजेज, एनिमिया, डाइजेशन प्रॉब्लम, कैल्शियम की कमी या यूं कहें कि अच्छा खाने के बाद भी खोखले होते शरीर के कारण केमिकल्स पर आधारित दवाओं से अलग हटकर अब लोग मोटे अनाज में विकल्प खोजने लगे हैं। खरीफ की प्रमुख फसल बाजरा का तो इस साल और अधिक उत्पादन होने जा रहा है। किसान इससे उत्साहित है तो स्टार्टअप और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां बेहद उत्साहित हैं। दरअसल गुजरी शताब्दी के छठे-सातवें दशक तक हमारे यहां खासतौर से गांवों का मुख्य भोजन मोटा अनाज ही रहा है। 1960 के दशक में खाद्यान्न संकट के विकल्प के रूप में हरित क्रांति का दौर आरंभ हुआ और



ऐसे में खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना पहली प्राथमिकता बनी और इसके लिए गेहूं को प्रमुख विकल्प माना गया। इसके बाद एक ओर गेहूं के आयात, गेहूं के उत्पादन बढ़ाने और उत्पादन बढ़ाने के नाम पर रासायनिक उर्वरकों का दौर शुरू हुआ। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रचार तंत्र को एग्रेसिव किया गया और आज हमारे कृषि वैज्ञानिकों, नीति नियंताओं और अन्नदाता की मेहनत से देश खाद्यान्न को लेकर आत्मनिर्भर बन गया है। कोरोना त्रासदी से लेकर अब तक जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क खाद्यान्न की उपलब्धता बड़ा सहारा बनी है। हरित क्रांति समय की मांग थी और आज भी है। पर अब समूची दुनिया में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों और नित नई बीमारियों से त्रस्त होने के कारण विकल्प तलाशा जाने लगा है और मोटे अनाज को दुनिया के देश बेहतर विकल्प और आशा के रूप में देख रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि एक समय था जब मोटा अनाज प्रमुख भोजन होता था।

आज भी दुनिया में कुल उत्पादित मोटे अनाज में हमारे देश की भागीदारी 41 प्रतिशत है। राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू, आंध्र प्रदेश आदि प्रमुख राज्य हैं। आज मोटे अनाज के निर्यात में भी भारत प्रमुख देश है। हमारे देश से गुजरे साल 2.69 करोड़ डॉलर का मोटा अनाज अमेरिका को निर्यात किया गया है। 13 प्रकार के अनाज को मोटे अनाज के रूप में माना जाता है। यह हैं बाजरा, रागी, कुटकी, संवा, ज्वार, कंगनी, चेना और कोदों को माना जाता है। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के वर्ष 2023-24 के पहले अनुमान के अनुसार खरीफ पोषक मोटे अनाजों का उत्पादन 351.37 लाख टन अनुमानित है जोकि 350.91 लाख टन औसत मोटे अनाजों की तुलना में थोड़ा सा अधिक है। वर्ष 2023-24 के दौरान श्रीअन्न का उत्पादन 126.55 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है।

मोटे अनाज को प्रमोट करने के विश्वव्यापी प्रयास आरंभ हो गए हैं। युवा एंटरप्रोन्योर स्टार्टअप्स के माध्यम से आगे आ रहे हैं। लोगों को मिलेट रेसिपी भाने भी लगी है। लोग इनके महत्व को समझने लगे हैं। पुरानी पीढ़ी के लोगों को याद होगा कि राजस्थान में तो खासतौर से एक समय था जब घर पर मेहमान आने पर ही गेहूं की चपाती बनती थी। धीरे-धीरे मोटे अनाज का उत्पादन और उपयोग दोनों ही प्रभावित हुए। यह सब तो तब रहा जब कि बाजरा आदि मोटे अनाज के खेती में कम पानी और कम लागत आती है तो दूसरी और मोटा अनाज प्राकृतिक स्वास्थ्यवर्द्धक तत्वों से भरपूर रहा है और इनकी उपयोगिता को आज वैज्ञानिक सिद्ध कर रहे हैं। सर्दी में बाजरा कितना स्वास्थ्यवर्द्धक होता है इसको बताने की आवश्यकता नहीं है तो गरमी में बाजरे की राबड़ी की अपनी पहचान हैं। समय का बदलाव देखिए कि गांव-गरीब का भोजन आज पांच सितारा होटलों का प्रमुख व्यंजन बन चुका है।

## गाजा में एंबुलेंस काफिले पर हुए हमले से गुटेरेस भयभीत, फिर किया मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि वह इजराइली सुरक्षा बलों का गाजा में एंबुलेंस काफिले पर हमला भयभीत करने वाला है। यह बात उन्होंने शनिवार को जारी बयान में कही। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार गुटेरेस ने कहा, गाजा में अल-शिफा अस्पताल के बाहर एंबुलेंस काफिले पर कथित हमले से मैं भयभीत हूं। अस्पताल के बाहर सड़क पर बिखरे शवों की तस्वीरें भयावह हैं। संघर्ष रुकना चाहिए। उन्होंने मानवीय संघर्ष विराम के अपने आह्वान को फिर दुहराया है। एक अन्य रिपोर्ट्स के अनुसार इससे पहले अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने शुक्रवार को गाजा में नागरिकों को मानवीय सहायता बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात कर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस मुलाकात में उन्होंने साफ किया कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है पर अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का सम्मान किया जाना चाहिए।




## अमेरिका के मानवीय संघर्ष विराम के आग्रह को इजराइल ने खारिज किया

**तेल अवीव।** अमेरिका के गाजा में मानवीय संघर्ष विराम के आग्रह को इजराइल ने पूरी दृढ़ता से खारिज कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी जे. ब्लिंकन इजराइल-हमास के बीच छिड़े युद्ध के 28वें दिन शुक्रवार को राजधानी तेल अवीव पहुंचे। उन्होंने इजराइली नेताओं से मुलाकात कर मानवीय आधार पर संघर्ष विराम का अनुरोध किया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ब्लिंकन के 'मानवीय संघर्ष विराम' के आग्रह को दृढ़ता से खारिज कर दिया। नेतन्याहू ने कहा कि कोई भी संघर्ष विराम बंधकों की रिहाई पर निर्भर था। उन्होंने कहा कि अब स्थिति संघर्ष विराम की नहीं है। बंधकों की रिहाई पर हमास के कड़े रुख के कारण लड़ने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। ब्लिंकन ने नेतन्याहू से मुलाकात के दौरान गाजा में अत्यधिक आवश्यक भोजन, पानी, दवा और अन्य आपूर्ति की अधिक आपूर्ति की अनुमति और सुविधा प्रदान करने के लिए मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान किया था।

## ईरान के नशा मुक्ति केंद्र में लगी आग, 32 की मौत

**तेहरान।** उत्तरी ईरान में एक नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से 32 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कम से कम 16 लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह हादसा लैंगरोड शहर में हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स



के अनुसार इस केंद्र के प्रबंधक व अन्य कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह शहर अफगानिस्तान से पश्चिमी यूरोप तक पोस्ता, अफीम और हेरोइन के स्रोत की तस्करी के मुख्य मार्ग पर स्थित है। एक अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि केंद्र में एक हीटर की वजह से आग लगी।

## चुनाव की तारीखों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, सीजेपी बोले-भगवान ने चाहा तो 8 फरवरी को होंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव की तारीखों को लेकर संशय खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश ने कहा, भगवान ने चाहा तो 8 फरवरी को पाकिस्तान में आम चुनाव होंगे। चुनाव आयोग और राष्ट्रपति अल्वी की तारीख पर सहमति के बाद पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश ने यह बयान दिया है। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा 8 फरवरी को आम चुनाव कराने की अधिसूचना जारी करने और इसे सुप्रीम कोर्ट में सौंपने के बाद मुख्य न्यायाधीश ईसा ने ये टिप्पणी की। मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राष्ट्रपति अल्वी से मुलाकात की और बाद में राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी किया।

# सीरिया से खुल सकता है इस्राइल के खिलाफ नया मोर्चा, रूस से बिगड़ते रिश्तों ने बढ़ाई चिंता

**वाशिंगटन।** इस्राइल हमास के बीच छिड़ी लड़ाई को करीब एक महीना हो चुका है और अब इस लड़ाई के बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। दरअसल इस्राइल की तरफ से सीरिया में मौजूद ईरान समर्थित कट्टरपंथियों के खिलाफ हवाई हमले किए जा रहे हैं। ईरान समर्थित लड़ाके और हिजबुल्ला सीरियाई सीमा से इस्राइल पर हमले की कोशिशें कर रहे हैं, जिसके खिलाफ इस्राइली सेना कार्रवाई कर रही है। अब इस मामले में अहम बात ये हुई है कि इस्राइल द्वारा रूस को इन हमलों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है जबकि अभी तक आमतौर पर ऐसा होता था कि जब इस्राइली सेना द्वारा सीरिया की सीमा में कार्रवाई की जाती थी तो रूस के साथ हमले की जानकारी साझा की जाती थी। रूस के उप-रक्षामंत्री मिखाइल बोगदानोव ने शुक्रवार को कहा कि 'जैसा कि होता है, अब इस्राइल, सीरिया पर हमले से पहले जानकारी नहीं दे रहा है। हमें हमला होने के बाद इसका पता चलता है।'

**सीरिया से खुल सकता है लड़ाई का नया मोर्चा**

ऐसी आशंका जताई जा रही है



कि सीरिया की तरफ से इस्राइल के खिलाफ नया मोर्चा खुल सकता है। लेबनान सीमा से इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच पहले से ही लगातार गोलीबारी हो रही है। ऐसे में जब अमेरिका द्वारा कोशिश की जा रही है कि इस्राइल हमास संघर्ष को सीमित रखा जाए तो सीरिया से भी लड़ाई का मोर्चा खुलने हालात चिंताजनक हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि गेर पेडरसन का कहना है कि सीरिया से नया मोर्चा खुलने का सिर्फ खतरा नहीं है बल्कि यहां लड़ाई शुरू भी हो चुकी है। हाल ही में इस्राइली सेना ने सीरिया की सीमा में जहां हमला किया है, उसके पास ही रूसी सेना का बेस था। इस्राइली सेना द्वारा सीरिया के दो हवाई अड्डों दमिश्क और अलेप्पो पर भी बमबारी की गई है।

**लंबे समय से युद्ध से जूझ रहा सीरिया**

बता दें कि सीरिया पहले से ही लड़ाइयों के केंद्र में है। अमेरिका के 1000 सैनिक यहां इस्लामी कट्टरपंथियों से लड़ रहे हैं। वहीं तुर्किये की सेना उत्तरी सीमा पर कुर्द लड़ाकों से लड़ रही है। ईरान और रूस सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल असद का समर्थन कर रहे हैं और वहां अब तक लड़ाई में हजारों लोग मारे जा चुके हैं और लाखों लोग पलायन कर गए हैं।

बता दें कि हिजबुल्ला के खिलाफ इस्राइली सेना सीरिया सीमा पर सालों से कार्रवाई कर रही है। साल 2015 में रूस ने इसमें हस्तक्षेप किया और उसके बाद से इस्राइल, सीरिया पर हमले से पहले रूस को सूचना देता रहा है ताकि दोनों सेनाएं गलती से आपस में ना भिड़ जाएं। अब दोनों देशों में इस समन्वय की कमी दिख रही है। इस्राइल सरकार ने इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा है कि लेकिन ये साफ कर दिया है कि 'वह सीरिया में ईरान की सेना या हिजबुल्ला को अपनी उपस्थिति नहीं बनाने देंगे।'

## विदेश मंत्री बोले- इस्राइल पर हमास का हमला बड़ा आतंकी कृत्य, फलस्तीन मुद्दे का समाधान बातचीत से हो

**इटली।** इस्राइल और हमास का हिंसक संघर्ष 28 दिनों से जारी है। भारत के विदेश मंत्री ने इटली दौरे पर हमास के हमले को 'बड़ा आतंकी कृत्य' करार दिया। सात अक्तूबर के आतंकी वारदात के बारे में विदेश मंत्री ने कहा कि ऐसे हिंसक हमलों को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने फलस्तीन मुद्दे को अहम मुद्दा बताते हुए कहा कि इसका समाधान संवाद और बातचीत के माध्यम से किया जाना चाहिए।

इटली दौरे पर सीनेट के विदेश मामलों और रक्षा आयोग के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए जयशंकर ने रेखांकित किया कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का हर किसी को सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सात अक्तूबर को जो हुआ यह आतंकवाद का यह बड़ा कृत्य था। उसके बाद की घटनाओं के कारण पूरा क्षेत्र बहुत ही अलग दिशा में चला गया है। सीनेटरों के सवालों के जवाब में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, संघर्ष उस क्षेत्र के लिए सामान्य बात नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा, हमें विभिन्न मुद्दों के बीच संतुलन ढूंढना होगा। जयशंकर ने कहा कि अगर आतंकवाद का कोई मुद्दा है तो इसका कोई सवाल ही नहीं है और उन्होंने इस्राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के समाधान पर भारत की स्थिति को भी साफ किया।

जयशंकर ने कहा, 'हम सभी आतंकवाद को अस्वीकार्य मानते हैं। हमें उद्देश्य के साथ खड़ा होना होगा। लेकिन फलस्तीन का मुद्दा भी है और इसका समाधान होना चाहिए... हमारा विचार है कि इसका दो-देश समाधान होना चाहिए। अगर आपको कोई समाधान ढूंढना है, तो आपको बातचीत और वार्ता के माध्यम से समाधान ढूंढना होगा। आप संघर्ष के माध्यम से समाधान नहीं ढूंढ सकते हैं और इसलिए हम इसका भी समर्थन करेंगे।'

## पाकिस्तान के मियांवली एयरबेस पर हमला, गोलियों-बमों की आवाज से गूंजा पूरा इलाका, तीन आतंकी सक्रिय

**पंजाब प्रांत।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित मियांवली में सेना के एयरबेस पर शनिवार सुबह हमला हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ आतंकी अल-सुबह ही सीढ़ी लगाकर और तार काटकर एयरबेस की दीवार फांद गए। इस घटना से जुड़ी जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें एयरबेस में भीषण गोलीबारी और बमबारी के बाद आग लगी देखी जा सकती है। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी बयान के मुताबिक, एयरबेस पर छह आतंकियों ने हमला किया था। इनमें से तीन को पाकिस्तानी सेना ने मार गिराया। हालांकि, तीन आतंकी अभी भी बेस पर ही छिपे हैं, जिन्हें ढूंढने की कोशिश जारी है। इलाके में कॉम्बिंग ऑपरेशन अपने आखिरी चरण में है। सेना ने बताया कि इस हमले में कुछ एयरक्राफ्ट को नुकसान पहुंचा है



और उनमें ईंधन भरने वाले फ्यूलिंग टैंक ध्वस्त हो गए। आधिकारिक तौर पर किसी ने भी इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में बताया गया है कि हमले में तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) संगठन के कई आत्मघाती हमलावर शामिल हैं। इस संगठन के प्रवक्ता मुल्ला मोहम्मद कासिम ने हमले को लेकर चेतावनी भी जारी की है।

## मास का दावा, इस्राइली सेना ने गाजा में एक स्कूल को बनाया निशाना; हमले में 20 की मौत

**गाजा।** इस्राइल-हमास के बीच संघर्ष को करीब एक महीने होने जा रहा है। इसमें अभी तक साढ़े दस हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। फिर भी युद्ध थमता नहीं दिखाई दे रहा है। एक तरफ इस्राइल ने आतंकियों को चुन-चुनकर खत्म करने की कसम खा ली है। इस बीच, हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस्राइल पर उत्तरी गाजा में एक स्कूल को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। उसका दावा है कि इस हमले में 20 लोगों की मौत हो गई।

फलस्तीन में हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार तड़के बताया कि उत्तरी गाजा के अल सफ्तावी इलाके में विस्थापित लोगों के लिए एक स्कूल को अस्थायी शिविर बनाया गया था, जिसपर इस्राइली सेना ने हमला कर दिया। इस हमसे में 20 लोगों की जान चली गई। वहीं, दर्जन घायलों को गाजा के अल-शिफा अस्पताल में भर्ती कराया गया। बता दें, इससे पहले इस्राइल ने गाजा के बड़े अस्पताल अल-शिफा को निशाना बनाया था। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया था कि इस्राइली सेना ने पहले अस्पताल और फिर एंबुलेंस में घायलों को दूसरी जगह ले जाते समय उन पर हमला किया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ताजा बमबारी में कई लोग मारे गए हैं। इस्राइली सेना की ओर से कहा गया है कि वह इसकी जांच कर रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कदरा ने कहा था कि हमने अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक रेड क्रॉस को इसकी सूचना दी है। हमास समर्थित टीवी चैनल अल-अक्सा ने पहले कहा था कि इस हमले के बहुत लोगों की जान गई है, लेकिन जो बयान जारी किया गया है, उसमें हताहतों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। वहीं, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से कहा था कि वह बंधकों की रिहाई के बिना आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ युद्ध नहीं रोकेंगे। नेतन्याहू ने इस्राइल द्वारा गाजा में ईंधन के प्रवेश की अनुमति देने की सभी रिपोर्टों को भी खारिज कर दिया था और कहा था कि हम गाजा में ईंधन के प्रवेश की इजाजत नहीं देंगे। नेतन्याहू ने ब्लिंकन को बताया था कि इस्राइल अस्थायी युद्धविराम से इनकार करता है, जिसमें इस्राइली बंधकों की रिहाई शामिल नहीं है।

## 'अमेरिका एक दिन खत्म हो जाएगा, वह सोवियत संघ की तरह बिखरेगा', हमास की चेतावनी

**वाशिंगटन।** इस्राइल हमास के बीच जारी युद्ध के बीच हमास के एक वरिष्ठ नेता ने चेतावनी दी है कि एक दिन अमेरिका खत्म हो जाएगा और वह सोवियत संघ की तरह बिखर जाएगा। यरुशलम पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। दरअसल हमास के वरिष्ठ नेता अली बाराका ने लेबनान के एक यूट्यूब चैनल के साथ इंटरव्यू में ये बातें कही। मिडिल ईस्ट मीडिया रिसर्च इंस्टीट्यूट ने इस इंरव्यू को ट्रांसलेट किया है।

**'अमेरिका के दुश्मन एकजुट हो रहे हैं'**

रिपोर्ट के अनुसार अली बाराका ने कहा कि 'अमेरिका को ब्रिटेन ने बनाया था और यह एक दिन सोवियत संघ की तरह बिखर जाएगा। इस क्षेत्र (पश्चिम एशिया) में अमेरिका के सारे दुश्मन करीब आ रहे हैं और आपस में बातचीत कर रहे हैं। एक दिन आएगा जब वह लड़ाई में एकजुट हो जाएंगे और अमेरिका बीते हुए समय की बात हो जाएगा।' बाराका ने कहा कि 'अमेरिका ताकतवर नहीं रहेगा।' अली बाराका ने उत्तर कोरिया की भी तारीफ की और कहा कि वही एकमात्र देश है जो अमेरिका को



मुंहतोड़ जवाब दे सकता है।

**रूस और चीन के नेताओं से मिल रहे हमास के नेता**

अली बाराका ने कहा कि 'उत्तर कोरिया के नेता दुनिया में एक मात्र देश है जो अमेरिका पर हमला कर सकता है। एक दिन आएगा जब उत्तर कोरिया दखल देगा क्योंकि वह हमारे गठबंधन का हिस्सा है।' हमास नेता ने कहा कि हमास के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में मॉस्को का दौरा किया था और एक जल्द ही बीजिंग भी जाएगा। अली बाराका ने कहा कि आज रूस हमारे साथ लगभग रोजाना संपर्क में रहता है। चीन ने अपने प्रतिनिधि को दोहा भेजा है और चीन और रूस के नेता हमास के नेताओं से मिल रहे हैं।

हमास नेता ने कहा कि ईरान के पास अमेरिका पर हमला करने की ताकत नहीं है लेकिन अगर ईरान हस्तक्षेप करने का फैसला करता है तो वह इस्राइल और क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर हमला कर सकता है। बता दें कि इस्राइल और हमास के बीच जारी लड़ाई को करीब एक महीना पूरा हो चुका है। इस लड़ाई में अब तक साढ़े दस हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इस्राइल ने अब गाजा पट्टी में जमीना आक्रमण तेज कर दिया है और आने वाले दिनों में इस्राइल और हमास की लड़ाई के गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।

## यूएन की अपील के बाद भी शरणार्थियों पर जुल्म कम नहीं, अफगानों को भगाने के लिए पाक ने बढ़ाई फोर्स

**काबुल।** पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सहित दुनियाभर के देशों के अनुरोध को ठुकराते हुए लाखों अफगान शरणार्थियों के निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लाखों अफगान शरणार्थियों का भविष्य अधर में है। अगर वे पाकिस्तान में रुकते हैं, तो उन्हें गिरफ्तारी का डर है। अगर अफगानिस्तान जाते हैं, जो वहां उनका न घर है, न काम काज, लिहाजा भुखमरी से मारे जाने का डर है। बहरहाल, सामूहिक की आलोचना करते हुए लगभग धमकी भरे लहजे में कहा कि



दशकों से पाकिस्तान में रह रहे अफगान मूल के लोगों को उनके घरों से बेदखल करने का पाकिस्तान का फैसला एकतरफा और क्रूरतापूर्ण है। पाकिस्तान में अफगान मूल के लोगों के घरों को तोड़ने और उनकी संपत्तियों पर कब्जा करने वालों से इतना ही कहेंगे कि कोई ऐसी भूल न करे, इसके नतीजे को अपनी इस हरकत के नतीजों के बारे में भी सोचना चाहिए। भुगतने होंगे।

**तालिबान ने संयुक्त राष्ट्र से मांगी मदद**

मुजाहिद ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अनुरोध किया कि पाकिस्तान को अफगानों पर अत्याचार करने से रोका जाए। अगर अफगानी मूल के लोगों को पाकिस्तान को निकालना भी है, तो उनके साथ सम्मान के साथ पेश आया जाए। इसके साथ ही मुजाहिद ने संयुक्त राष्ट्र से अफगानिस्तान लौट रहे शरणार्थियों को मदद देने की मांग की है। तालिबान के मुताबिक अकेले तोरखाम बॉर्डर से अब तक करीब 1.47 लाख लोग अफगानिस्तान में आ चुके हैं, इनमें से करीब 20,000 बृहस्पतिवार को आए जबकि, कुल 2 लाख से ज्यादा लोग पाकिस्तान छोड़कर अफगानिस्तान आ चुके हैं।

## टाइम मैगजीन के कवर पेज पर बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना, बोलीं- मुझे सत्ता से बाहर करना मुश्किल

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना टाइम मैगजीन के अगले अंक के कवर पेज पर दिखाई देंगी। टाइम मैग्जीन के साथ एक इंटरव्यू में शेख हसीना ने कहा कि उनकी सरकार को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता से बाहर करना बेहद मुश्किल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टाइम मैगजीन को दिए इंटरव्यू में शेख हसीना ने कहा कि 'मुझे पूरा विश्वास है कि मेरे लोग मेरे साथ हैं। वही मेरी ताकत हैं। लोकतांत्रिक तरीके से मुझे सत्ता से बाहर करना आसान नहीं है। मुझे हटाने का एकमात्र विकल्प मुझे सत्ता से बेदखल करना है और मैं अपने लोगों के लिए मरने के लिए तैयार हूं।'

**सबसे लंबे समय तक पीएम रहने वाली महिला नेता**

टाइम मैगजीन के नवंबर के अंक के कवर पेज पर शेख हसीना दिखाई देंगी। शेख हसीना



साल 2009 से बांग्लादेश की पीएम हैं। उससे पहले वह 1996 से 2001 तक भी बांग्लादेश पीएम के पद पर रह चुकी हैं। शेख हसीना सबसे लंबे समय तक पीएम पद पर रहने वाली महिला हैं। बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के उभार को रोकने और सेना को राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर रखना शेख हसीना की उपलब्धि है। टाइम मैगजीन के लिए शेख हसीना का इंटरव्यू करने वाली चार्ली कैंपबेल ने लिखा कि वह मार्गरिट थैचर या इंदिरा गांधी से ज्यादा चुनाव जीत चुकी हैं और अब जनवरी में होने वाले आम चुनाव में भी वह दावेदारी पेश करने जा रही हैं।

**चुनाव के चलते बांग्लादेश में तनाव का माहौल**

कवर स्टोरी के अनुसार, शेख हसीना पर 19 बार जानलेवा हमला हो चुका है और हाल ही में शेख हसीना की विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के समर्थकों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पें हुई हैं, जिनमें सैंकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन हिंसक झड़पों में कई लोग मारे गए हैं। बीएनपी की मांग है कि शेख हसीना कार्यवाहक सरकार को शासन देकर निष्पक्ष चुनाव कराए लेकिन शेख हसीना इसके लिए तैयार नहीं हैं। 17 करोड़ की आबादी वाले बांग्लादेश को एक जूट उत्पादक देश से एशिया प्रशांत क्षेत्र की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में भी शेख हसीना का अहम योगदान माना जाता है। कवर स्टोरी का शीर्षक 'शेख हसीना एंड द फ्युचर ऑफ डेमोक्रेसी इन बांग्लादेश' में आरोप लगाया गया है कि शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश में सरकार तानाशाही रुख अपना रही है। पिछले दो चुनावों की अमेरिका और यूरोपीय यूनियन ने भी आलोचना की है। आरोप है कि पिछले दो चुनाव में काफी अनियमितताएं और धांधली हुई। हालांकि शेख हसीना इन आरोपों से इनकार करती हैं। बता दें कि बांग्लादेश की पूर्व पीएम और शेख हसीना की विरोधी खालिदा जिया भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाए जाने के बाद घर में नजरबंद हैं। यही वजह है कि आगामी आम चुनाव पर पूरी दुनिया की नजरें हैं।

## भारतीय नौसेना की नौकायान चैंपियनशिप 2023

**नई दिल्ली।** **भारतीय नौसेना** की बहुप्रतीक्षित और सबसे बड़ी नौका-दौड़, नौकायान चैंपियनशिप (आईएनएससी), 5 नवंबर से शुरू होने जा रही है। इसमें नौसेना की अलग अलग टीमें, नाविक और अग्निवीर होंगे।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह दौड़ भारतीय नौसेना जल कौशल गतिविधियों पर विशेष जोर देती है। नौका-दौड़, नौकायान चैंपियनशिप (आईएनएससी), 5 नवंबर से 9 नवंबर 2023 तक मुंबई में होगी। देश में बेहतरीन नौकायन सुविधाओं से लैस भारतीय नौसेना वॉटरमैनशिप ट्रेनिंग सेंटर (आईएनडब्ल्यूटीसी), मुंबई, 100 से अधिक पैन-नेवी प्रतिभागियों की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक संस्थान नौका-दौड़ के तीन अलग-अलग प्रारूपों में पांच अलग-अलग वर्गों की नौकाओं में प्रतिभागियों के नौकायान कौशल का परीक्षण करेगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि नौकायन में नौसेना कर्मियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नौसेना मुख्यालय स्थित भारतीय नौसेना नौकायन संघ (आईएनएसए) के तत्वावधान में आयोजित होने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।